परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार इस बात से सन्तुष्ट हो जाये कि ऐसा विवाह उस व्यक्ति पर और जिससे विवाह किया गया है, उस पर लागू होने वाले वैयक्तिक कानून के अधीन अनुज्ञेय है तथा ऐसा किये जाने के अन्य कारण है, तो वह ऐसे व्यक्ति को इस नियम से छूट दे सकती है ।

5. **छूट देने का अधिकार** .—जहां केन्द्रीय सरकार का यह मत हो कि छूट देना आवश्यक या उचित है, वहां वह लिखित कारणों के आधार पर तथा संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श से आदेश द्वारा किसी श्रेणी या वर्ग से सम्बन्धित व्यक्तियों को इन नियमों के किसी उपबन्ध से छूट दे सकती है ।

अनुसूची

| पद नाम | पदों की संख्या | वर्गीकरण | वेतनमान | प्रवरण पद या अप्रवरण पद | सीधी भर्ती के लिये आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| विशेष कार्य अधिकारी (फिल्म) | 1 | सामान्य केन्द्रीय सेवा, प्रथम श्रेणी, राजपत्रित, अलिपिक वर्गीय | 700–40—1100–50/2–1250 रुपये | लागू नही होता | 40 वर्ष (सरकारी कर्मचारियो के लि छूट) |

| सीधी भर्ती किये जाने वालो के लिये शैक्षिक तथा अन्य अपेक्षित अर्हतायें | क्या सीधा भर्ती किय जाने वालो के लिये निर्धारित आयु तथा शैक्षिक अर्हताये पदोन्नति से रखे जाने वाले व्यक्तियो के मामले मे लागू होगी | परिवीक्षा की अवधि यदि कोई हो | भर्ती पद्धति सीधी भर्ती से या पदोन्नति से या प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण से तथा विभिन्न पद्धतियो द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियो की प्रतिशतता |
|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 10 |
| **आवश्यक**<br>(1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक या इसके समकक्ष ।<br>(2) न्यूनतम 5 वर्ष का पर्याप्त अनुभव विशेषकर सामाजिक तथा सास्कृतिक समारोहो के सम्बन्ध मे ।<br>(3) सरकारी नियमो तथा विनियमो और वित्तीय प्रक्रिया का ज्ञान ।<br>(अन्यथा सुयोग्य उम्मीदवार के मामले मे आयोग के विवेक पर अर्हताओं मे छूट दी जा सकती है )<br>**वांछनीय :**<br>सामान्य रूप से विश्व सिनेमा तथा विशेष रूप से भारतीय सिनेमा एव विभिन्न अभिनय कलाओं की पृष्ठभूमि और जानकारी । | लागू नही होता | 2 वर्ष | प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण द्वारा, इसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा । |

| पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण से भर्ती किये जाने के लिये वे ग्रेड जिनसे पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण किया जाना है | यदि विभागीय पदोन्नति समिति विद्यमान है तो उसका गठन | किन परिस्थितियों में भर्ती करने में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाना है |
|---|---|---|
| 11 | 12 | 13 |
| **प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण :**<br>केन्द्रीय या राज्य सरकारों के अन्तर्गत समान पदों पर कार्य करने वाले अधिकारी या वे अधिकारी जो 400—950 रुपये के या इसके समकक्ष वेतनमान के पदों पर कार्य कर रहे हों, और इस ग्रेड से 5 वर्ष का अनभव रखते हों या वे अधिकारी जो 350—900 रुपये या इसके समकक्ष वेतनमान के पदों पर कार्य कर रहे हों और इस ग्रेड में 8 वर्ष का अनुभव रखते हों और कालम 7 के अन्तर्गत सीधे भर्ती किये जाने वालों के लिये निर्धारित अर्हतायें रखते हों। (प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी)। | लागू नहीं होता। | जैसा कि संघ लोक सेवा आयोग (परामर्श से छट) विनियम, 1958 के अन्तर्गत अपेक्षित है। |

[सं० फा० 12018/1/71—प्रशासन-दो]

एम० एन० मित्तल, अवर सचिव।

## MINISTRY OF AGRICULTURE

**(Department of Agriculture)**

*New Delhi the 3rd January 1972*

G.S.R. 135.—In exercise of the powers conferred by ıe proviso to article 309 of the Constitution, the Presi- ent hereby makes the following rules to amend the ead Registration Scheme (Class III anl Class IV osts) Recruitment Rules, 1968, namely:—

1. (1) These rules may be called the Herd Registra- on Scheme (Class III and Class IV posts) Recruitment Amendment) Rules, 1971.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Schedule to the Herd Registration Scheme (Class III and Class IV posts) Recruitment Rules, 1968, for serial No. 2 and the entries relating thereto, the following shall be substituted, namely:—

SCHEDULE

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2. | Publicity Assistant | Two | General Central Service Class III, Non-Gazetted, Non-Ministerial | Rs. 210-10-290-15-320-EB-15-425 | Not applicable | Not exceeding 30 years. |

| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| *ssential*: Degree or Diploma in Veterinary Science/ Animal Husbandry/ Agriculture.<br>*esirable*:<br>) Two years' experience in Livestock Development work.<br>i) Experience in publicity work. | Not applicable | 2 years | By direct recruitment | Not applicable | Not applicable | Not applicable |

[No. A-11020/15/71-EE. III.]

R. SUBRAHMANIAM, Under Secy.

कृषि मंत्रालय

कृषि विभाग

नई दिल्ली, 3 जनवरी, 1972

**जी०एस०आर० 135**—राष्ट्रपति संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यूथ रजिस्ट्रीकरण स्कीम (वर्ग 3 और वर्ग 4 पद) भर्ती नियम, 1968 में संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्—

1. (1) इन नियमों का नाम यूथ रजिस्ट्रीकरण स्कीम (वर्ग 3 और वर्ग 4 पद) भर्ती (संशोधन) नियम, 1971 होगा।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. यूथ रजिस्ट्रीकरण स्कीम (वर्ग 3 और वर्ग 4 पद) भर्ती नियम, 1968 की अनुसूची में, क्रम सं० 2 और उससे सम्बन्धित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्—

अनुसूची

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| "2 | प्रचार सहायक | दो | साधारण केन्द्रीय सेवा, वर्ग 3 अराजपत्रित अनुसचिवीय | 210–10–290–15– 320–द०रो०–15– 425। | लागू नहीं होता | 30 वर्ष से अधिक न हो |

| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आवश्यक। पशुचिकित्सा विज्ञान पशु-पालन / कृषि में उपाधि या डिप्लोमा। वांछनीय : (i) पशुधन विकास कार्य का दो वर्ष का अनुभव। (ii) प्रचार कार्य का अनुभव। | लागू नहीं होता | दो वर्ष | सीधी भर्ती द्वारा | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता |

[सं० ए-11020/15/71-ई०ई०-2]

रा० सुब्रह्मण्यम, अवर सचिव।

**(Department of Food)**

*CORRIGENDUM*

*New Delhi, the 30th December 1971*

G.S.R. 136.—In the Order of the Government of India in the Ministry of Agriculture (Department of Food) No G.S.R. 1266, dated the 7th September, 1971, published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, Section 3, Sub-section (i), at pages 871-872,—

at page 872, line 3, *for* "substituted"

*read* "inserted".

[No. 1-31/70-S. PY.]

A. N. CHADDHA, Under Secy.

(खाद्य विभाग)

शुद्धि पत्र

नई दिल्ली, 30 दिसम्बर, 1971

जी०एस०आर० 136—भारत सरकार, कृषि मंत्रालय (खाद्य विभाग) का आदेश सं० सा० का०नि० 1266 दिनांक 7 सितम्बर, 1971 जो कि भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग 2, खण्ड 3, उप-खण्ड (i) में पृष्ठ 872-873 पर प्रकाशित हुआ था, में पृष्ठ 872 की सातवीं लाइन में "प्रतिस्थापित" के स्थान पर "अन्तर्निविष्ट" पढ़ा जाए।

[सं० 1-31/70-एस० पालिसी]

अमर नाथ चड्ढा, अवर सचिव।

---

**MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY PLANNING**

**(Department of Family Planning)**

*New Delhi, the 20th December 1971*

G.S.R. 137.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Deputy Controller of Transport in the Department of Family Planning, namely:

1. **Short title and commencement.**—(i) These rules may be called the Department of Family Planning (Deputy Controller of Transport) Recruitment Rules, 1971.

(ii) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number, classification and scale of pay.**—The number of posts, its classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the Schedule annexed to these rules.

3. **Method of recruitment, age limit, qualifications etc.**—The method of recruitment, age limit, qualifications and other matters connected therewith shall be as specified in columns 5 to 13 of the said Schedule.

4. **Disqualification:** No person;—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person, shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other's grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. **Power to relax.**—Where the Central Government is of opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. **Saving.**—Nothing in these rules shall affect reservations and other concessions required to be provided for Scheduled Castes and Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

अनुसूची

| पदनाम | पदों की संख्या | वर्गीकरण | वेतन-मान | क्या सेलेक्शन पद अथवा गैर सेलेक्शन पद | सीधी भर्ती के लिए आयु | सीधी भर्ती के लिए अपेक्षित शैक्षिक तथा अन्य अर्हताएं |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| परिवहन उप-नियंत्रक | एक | सामान्य केन्द्रीय सेवा श्रेणी I राजपत्रित | रु० 700—40—1100—50/2—1250 | लागू नहीं होता | 40 वर्ष (सरकारी कर्मचारियों के लिए शिथिलनीय) | अनिवार्य : (1) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय की मकैनिकल अथवा आटोमोबाईल इंजीनियरिंग की डिग्री अथवा समकक्ष । (2) रखरखाव, मरम्मत और खरीद का काम करने वाले किसी प्रसिद्ध आटोमोबाईल कारखाने में किसी उत्तरदायी पद पर लगभग 5 वर्ष का अनुभव । (3) मानक अनुमान तैयार करने तथा कार्यकुशलता के लिए आयोजन सहित किसी सड़क परिवहन उपक्रम में प्रशासनिक अनुभव । अन्यथा अच्छी अर्हता-प्राप्त प्रत्यायियों के लिये आयोग के विवेक पर अर्हताएं शिथिलनीय । |

| क्या पदोन्नति से रखे जाने वाले उम्मीदवारों के मामले में सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए निर्धारित आयु और शैक्षिक अर्हताएं लागू होंगी | परिवीक्षा की अवधि यदि कोई हो | भर्ती का तरीका सीधी भर्ती द्वारा या पदोन्नति के द्वारा अथवा स्थानान्तरण के द्वारा तथा विभिन्न तरीको द्वारा भरे जाने वाले पदों की प्रतिशतता | पदोन्नति या प्रतिनियुक्ति या स्थानान्तरण के द्वारा भर्ती के मामले में वे ग्रेड जिनसे पदोन्नति या प्रतिनियुक्ति या स्थानान्तरण किया जाना है | यदि विभागीय पदोन्नति समिति है तो उसका क्या गठन है । | परिस्थितियां जिनमें भर्ती के लिए संघीय लोक सेवा आयोग से परामर्श लिया जाता है |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| लागू नहीं होता | दो वर्ष | सीधी भर्ती द्वारा | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | संघ लोक सेवा आयोग (परामर्श से छूट) विनियमावली 1958 के अधीन यथापेक्षित । |

[सं० ए० 12018/7/70-स्थापना—1.]
आर० पी० नरवाहा, अवर सचिव ।

## MINISTRY OF SHIPPING AND TRANSPORT

### (Transport Wing)

*New Delhi, the 31st December 1971*

**G.S.R. 138.**—Whereas the Rajasthan Chamber of Commerce and Industry, Jaipur had failed to elect a trustee to the Board of Trustees for the Port of Kandla under clause (d) of sub-section (1) of section 3 of the Major Port Trusts Act, 1963 (38 of 1963), within the period specified therefor under sub-section (4) of the said section 3;

And, whereas, the Central Government had in pursuance of sub-section (1) of section 12 of the said Act directed that the election shall be held on or before the 15th December, 1971, by the notification of the Government of India in the Ministry of Shipping and Transport (Transport Wing) No. 2-PG(49)/70, dated the 10th December, 1971;

And, whereas, the Rajasthan Chamber of Commerce and Industry, Jaipur, has, in pursuance of clause (d) of sub-section (1) of section 3 of the said Act elected Shri V. N. Kak as a trustee to represent them on the Board of Trustees for the port of Kandla, before the 15th December, 1971;

Now, therefore, in pursuance of sub-section (6) of secion 3 of the Major Port Trusts Act, 1963 (38 of 1963), the Central Government hereby notifies the election of Shri V. N. Kak as a trustee on the Board of Trustees for the Port of Kandla.

[No. 2-PG(49)/70]

## नौवहन और परिवहन मंत्रालय

### (परिवहन स्कंध)

नई दिल्ली, 31 दिसम्बर, 1971

सा०का०नि० 138.—यत: महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 (1963 का 38) की धारा 3 की उपधारा (1) के खण्ड (घ) के अधीन राजस्थान चेम्बर आफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्री, जयपुर, कांडला पत्तन के लिए न्यासियों के बोर्ड पर न्यासी, उक्त धारा 3 की उपधारा (4) के अधीन उसके लिए विनिर्दिष्ट अवधि में निर्वाचित करने में असफल रहा है;

और यत: केन्द्रीय सरकार ने, भारत सरकार के नौवहन और परिवहन मंत्रालय (परिवहन स्कंध) की अधिसूचना स० 2-पी जी (49)/70, तारीख 10 दिसम्बर, 1971 द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 12 की उपधारा (1) के अनुसरण में यह निदेश दिया था कि निर्वाचन 15 दिसम्बर, 1971 को या उससे पूर्व किया जाएगा ,

और यत: उक्त अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के खण्ड (घ) के अनुसरण में राजस्थान चेम्बर आफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्री, जयपुर ने कांडला पत्तन के लिए न्यासियों के बोर्ड पर अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए श्री वी० एन० काक को 15 दिसम्बर, 1971 से पूर्व न्यासी के रूप में निर्वाचित किया है ;

अत:, अब, महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 (1963 का 38) की धारा 3 की उपधारा (6) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा कांडला पत्तन के लिए न्यासियों के बोर्ड के न्यासी के रूप में श्री वी० एन० काक का निर्वाचन अधिसूचित करती है ।

[सं० 2-पी जी (49)/70]

---

**G.S.R. 139.**—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 35 of the Indian Ports Act, 1908 (15 of 1908), the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Visakhapatnam Port Pilotage (Fees) Rules, 1957, namely:—

1. (1) These rules may be called the Visakhapatnam Port Pilotage (Fees) (Second Amendment) Rules, 1971.

(2) They shall come into force at once.

2. In the Visakhapatnam Port Pilotage (Fees) Rules, 1957, for Schedule I, the following Schedule shall be substituted namely:—

"SCHEDULE I

[*See* Rule 2(iii)]

| Sl. No. | Description of the vessel | Rate of fees |
|---|---|---|
| 1. | All mechanically propelled vessels except sailing vessels not exceeding 500 tons net tonnage. | Rs. 12 per 100 tons of net registered tonnage with a minimum charge of Rs. 60 per vessel. |
| 2. | All other vessels when services of port pilot are actually made use of. | Rs. 60 per vessel". |

[No. 17-PG(29)/71.]

सा०का०नि० 139.—भारतीय पत्तन अधिनियम, 1908 (1908 का 15) की धारा 35 की उपधारा (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा विशाखापटनम पत्तन कनहारी (फीस) नियम, 1957 में और आगे संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है :—

1. (1) ये नियम विशाखापटनम पत्तन कनहारी (फीस) नियम (द्वितीय संशोधन) नियम, 1971 कहे जा सकेंगे ।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होंगे ।

2. विशाखापटनम पत्तन कनहारी (फीस) नियम, 1957 में

अनुसूची 1 के स्थान पर, निम्नलिखित अनुसूची प्रतिस्थापित की जायेगी, अर्थात् :—

"अनुसूची 1

[नियम 2 (iii) देखें]

| क्रम सं० | जलयान का विवरण | फीस की दर |
|---|---|---|
| 1 | सभी मशीन नोदित जलयान सिवाय ठीक पांच सौ टन से अनधिक रजिस्ट्रीकृत टनेज के पाल जलयान। | कम से कम 60 रु० प्रति जलयान के प्रभार सहित ठीक रजिस्ट्रीकृत टनेज का प्रति सौ टन 12 रु० |
| 2 | जब पत्तन पाइलट की सेवाओं का वास्तव में प्रयोग किया जाता हो, सभी अन्य जलयान। | 60 रुपए जलयान |

[सं० 17-पी० जी० (29)/71]

*New Delhi, the 4th January* 1972

**G.S.R. 140.**—In exercise of the powers conferred by sub-section (3) of section 64A of the Bombay Port Trust Act, 1879 (Bombay Act VI of 1879), the Central Government hereby exempts uncleared goods lying on the premises of the Board for more than two months from the date on which such goods were placed in the custody of the Board and which remain unsold after having been put up for public auction on two occasions under sub-section (2) of the said section 64A, from the operation of section 64A of the said Act.

[No. F. 8-PG(32)/70.]

S. L GUPTA, Under Secy.

नयी दिल्ली, 4 जनवरी, 1972

सा० का० नि० 140—मुम्बई पत्तन न्यास अधिनियम, 1879 (1879 का मुम्बई अधिनियम 6) की धारा 64क की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्रीय सरकार एतद्द्वारा न भेजे गये माल को, जो बोर्ड की अभिरक्षा में आने की तारीख से 2 महीने से अधिक से बोर्ड के परिसर में पड़ा हुआ है और जो उक्त धारा 64क की उपधारा (2) के अधीन दो सार्वजनिक नीलामी पर रखे जाने के बाद भी विक्रय नहीं किया जा सकता है, उक्त अधिनियम की धारा 64क के प्रवर्तन से मुक्त करती है ।

[सं० फा० 8-पी जी (32)/70]

क० ल० गुप्ता, अवर सचिव ।

नयी दिल्ली, 28, जनवरी 1969

सा० का० नि० 215.—कतिपय नियमों का निम्नलिखित प्रारूप, जिसे केन्द्रीय सरकार वाणिज्य पोत परिवहन अधिनियम, 1958 (1958 का 44) की धारा 284 की उपधारा (1) और धारा 299 ख द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये बनाने की प्रस्थापना करती है, उन सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिये जिनका एतद्द्वारा प्रभावित होना सम्भाव्य है, उक्त धारा 299ख की उपधारा (1) की अपेक्षानुसार एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है और एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप पर 1971 के नम्बर के बीसवें दिन या उसके पश्चात् विचार किया जायेगा ।

उक्त प्रारूप की बाबत कोई आक्षेप या सुझाव जो किसी व्यक्ति से यथा विनिर्दिष्ट तारीख से पहले प्राप्त होंगे उन पर केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार किया जायेगा ।

1—संक्षिप्त नाम, प्रारम्भ, लागू होना और अपवाद :—(1) ये नियम वाणिज्य पोतपरिवहन (स्थौरा पोत सन्निमणि और सर्वेक्षण) नियम, 1969 कहे जा सकेंगे ।

(2) ये तुरन्त प्रवृत्त हो जायेंगे

(3) जब तक अभिव्यक्त रूप से अन्यथा उपबंधित न हो ये—

(i) क्रीडा नौकाओं तथा मत्स्य जलयानों से भिन्न, सकल 500 टन या अधिक के भारत में रजिस्ट्रीकृत सभी समुद्र पर जाने वाले स्थौरा पोतों,

(ii) क्रीड़ा नौकाओं तथा मत्स्य जलयानों से भिन्न सकल 50 टन या अधिक के सभी समुद्र पर जाने वाले स्थौरा पोतों, जो भारत में रजिस्ट्रीकृत नहीं हैं, जब वे भारत मे किसी पत्तन या स्थात पर, या भारत के राज्य क्षेत्रीय समुद्र में हों;

को लागू होंगे ।

परन्तु, उपनियम (1) के सिवाय नियम 4 नियम 6 से 12 जिसमें ये दोनों नियम सम्मिलित हैं, नियम 13 का उपनियम (2), नियम 18 का उपनियम (2), नियम 20 के उपनियम (2) के खा (ग) और (घ), नियम 24 उपनियम (1) के सिवाय नियम 25, नियम 27 और नियम 29 का उपनियम (2) ऐसे किसी पोत को लागू नहीं होंगे जिसका पठाण 20 मई, 1965 से पूर्व डाला गया हो।

2. परिभाषाएं :—इन नियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो—

(क) "अधिनियम" से वाणिज्य पोतपरिवहन अधिनियम, 1958 (1958 का 44) अभिप्रेत है;

(ङ) "ड्राफ्ट पैमाना" से वह पैमाना अभिप्रेत है जो इन नियमों के नियम 12 की अपेक्षाओं के अनुसार है;

(ग) "पोत भीत डैक" से वह सर्वोच्च डैक अभिप्रेत है जिस तक अग्रगामी जल रोक पोत भीतों की बहुसंख्या ले जाई जाती है;

(च) "स्थौरा पोत सन्निर्माण प्रमाण पत्र" इन नियमों के अधीन सकल 500 टन या अधिक के किसी पोत को जो अन्तर्राष्ट्रीय जल यात्रा में नहीं लगा हो, दिया गया स्थौरा पोत सन्निर्माण प्रमाण पत्र अभिप्रेत है;

(छ) "स्थौरा पोत सुरक्षा सन्निर्माण प्रमाण पत्र" से इन नियमों के अधीन किसी सकल 500 टन या अधिक के पोत को, जो अन्तर्राष्ट्रीय जल यात्रा में लगा है, दिया गया स्थौरा पोत सुरक्षा सन्निर्माण प्रमाण पत्र, अभिप्रेत है;

(ज) "दहनशील सामग्री" से वह सामग्री अभिप्रत है जो अदहनशील सामग्री नही है;

(झ) "नियंत्रण स्टेशन" से वे जगहें अभिप्रेत है, जिसमे रेडियो उपस्कर मुख्य नौपरिवाहक उपस्कर केंद्रीय अग्नि अभिनेखन उपस्कर या आपात जनित्र अवस्थित है या हैं;

(ञ) 'समतुल्य सामग्री" से "इस्पात या अन्य समतुल्य सामग्री" पदाभिव्यक्ति में जहां ये शब्द प्रयुक्त किये जाते हैं, ऐसी कोई सामग्री अभिप्रेत है, जो अपने आप या रोधन विसवाहन की व्यवस्था होने के कारण समुचित अग्नि परीक्षण के पश्चात इस्पात के समतुल्य सरचना और साकत्य गुण रखती हो;

(ट) "सकल टन भार" के वही अर्थ हैं जो इसे वाणिज्य पोत परिवहन (टन भार माप) नियम, 1960 में दिये गये हैं, सिवाय इसके कि जहां पोत का दोहरा टन भार है, इन नियमों के प्रयोजन के लिये, इनमे से जो भी अधिक हो वही इसका टन भार समझा जायेगा ,

(ठ) "अदाह्य सामग्री" से ऐसी कोई सामग्री अभिप्रेत है जो न जलती है, और न पाइलट ज्वाला पर, जब वह लगभग 750° से० तक गर्म की जाती है, जलने के लिये पर्याप्त मात्रा में ज्वलन शील वाष्प छोड़ती है,

(ड) "लम्बाई" से, पोत की लम्बाई के सबध में निम्नलिखित लंबाई अभिप्रत है–

(i) ग्रीष्म भार जल रेखा पर माथे के अगले भाग से सुकान दण्ड के पिछले भाग तक मीटरों में लम्बाई, या

(ii) उन पोतो के जिनमें सुकान दण्ड नहीं हैं, माथ के अगले भाग से कुदास के अक्ष तक मीटरों में लंबाई, या

(iii) उन पोतों के लिये जिनमें कूबर पिण्डल है, मीटरों में लंबाई जो ग्रीष्म भार जल रेखा की कुल लम्बाई या माथे के अगले भाग से कुदास के अक्ष तक की लम्बाई इनमें जो भी अधिक हो का 96 प्रतिशत लिया जायेगा;

(ढ) "मशीनरी नियंत्रण कक्ष" से वह कक्ष अभिप्रेत है जिससे नोदक की आवश्यकता को पूरी करने वाले नोदक मशीनरी तथा बायलर्स नियंत्रित किए जा सकें ;

(ण) 'मशीनरी जगह" से ऐसी कोई जगह जो नोदक सहायक या प्रशीतक मशीनरी, बायलर्स, पम्प, इंजिनर्स वर्कशाप, जनित्र, संवातन या वातानुकूल मशीनरी, तेल भरने वाले स्टेशनों के प्रयोजन मे लाई जाती है तथा ऐसी ही जगहें और ऐसी जगहों के टंकवे अभिप्रत हैं;

(त) "अधिकतम सेवा गति" से वह अधिकतम गति अभिप्रेत है जिसे पोत समुद्र में अपने गहनतम समुद्र में जाने का प्रवाह को बनाये रखने के लिये डिजाइन किया गया हो;

(थ) "तेल इंधन एकक" से किसी तेल से चलने वाले बायलर के तेल बर्नरको प्रदत्त करने के लिये तेल इंधन की निर्मिति के लिये प्रयोग मे लाए जाने वाला उपस्कर अभिप्रेत है और इसमें तेल दाब पंप, फिटर और हीटर भी सम्मिलित है ;

(द) 'निथार टकी" से कोई तेल संचायक टकी जिसका तापन तल प्रति टन तेल धारित के लिये 0 183 वर्ग मीटर से कम न हो, अभिप्रेत है,

(ध) "मानक अग्नि परीक्षण" से कोई परीक्षण अभिप्रेत है जिसमे सामग्री के परिक्षित किये जाने वाले नमूने को, जिसका तल क्षेत्रफल 4 65 वर्ग मीटर से कम न हो और उचाई 2.44 मीटर से कम न हो, समय ताप क्रम-संबध श्रावली के लिये परीक्षण भट्टी मे लगभग निम्नलिखित प्रकार से खुला छोड़ा जाता है अर्थात –

| | |
|---|---|
| (i) प्रथम पाच मिनट के अन्त मे | 538° से० |
| (ii) प्रथम दस मिनट के अन्त में | 704° से० |
| (iii) प्रथम तीस मिनट के अन्त में | 843° से० |
| (iv) प्रथम साठ मिनट के अन्त में | 927° सें० |

अभिप्रत है ,

(न) "कर्ण–गियर शक्ति एकक" से–

(i) इलैक्ट्रोनिक कर्ण-गियर की दशा में विद्युत- मोटर और इसके सहयुक्त विद्युत उपस्कर, या

(ii) विद्युत द्रवचालित कर्ण-गियर की दशा में, विद्युत मोटर इसके सहयक्त विद्युत उपस्कर और सम्बद्ध पंप ,

(iii) वाष्प द्रव चालित या गैसिल द्रवचालित कर्णगियर की दशा में, चालन इंजन और संबद्ध पंप ;

अभिप्रेत है ;

(प) सामग्री के संबंध में "यथोचित" से केन्द्रीय सरकार द्वारा उस प्रयोजन के लिये यथोचित अनुमोदित किया जाना अभिप्रेत है जिसके लिये सका प्रयोग होता है ;

(ग) "कार्य दिवस" से रविवार या वह अवकाश दिन जिसमें मास के दूसरे शनिवार भी सम्मिलित है के सिवाय कोई दिन जिसको वाणिज्यिक सामुद्रिक विभाग के कार्यालय कारबार का संव्यवहार करने के लिये खुले हो, अभिप्रेत है।

3. **संरचनात्मक शक्ति** :—हर पोत की संरचनात्मक शक्ति और भारी जल रोक पोत भीत की संख्या तथा व्यवस्था, उस सेवा के लिये जिसके लिये पोत आशयित है, पर्याप्त होगी।

4. **जल रोक दरवाजे**.—(1) हर पोत में जिसमें जलरोक दरवाजों का पोत भीत की जलरोक साकल्य को बनाए रखने के लिये प्रबंध किया गया है, ऐसा हर जल रोक दरवाजा यथोचित सामग्री से बनाया जायेगा और उसकी संरचना दक्षता से की जायेगी।

(2) हर पोत में—

(क) विसर्पी प्रकार का हर जल रोक दरवाजा दोनो, दरवाजों पर और पोत भीत डैक के ऊपर किसी सुगम स्थिति मे, दक्ष हस्त चालित गियर द्वारा प्रचालित किये जाने योग्य होगा

(ख) वह गियर जो पोतभीत डैक के ऊपर से किसी मशीनरी जगह के पोतभीत में लगे हुए किसी विसर्पी जल रोक दरवाजों को प्रचालित करने के लिये, प्रचालित किया जाता हो, मशीनरी जगह के बाहर स्थित होगा जब तक कि ऐसी स्थिति आवश्यक गियारिंग की प्रभावशाली व्यवस्था के लिये असंगत न हो ;

(ग) जहां मशीनरी जगह के निचले हिस्से से जल रोक घरा सुरंग के लिये पहुंच हो वहां पहुंच मार्ग में विसर्पी जल रोक दरवाजा जो दरवाजे के दोनों ओर से स्थानीय रूप से प्रचालित किये जाने के योग्य होगा लगाया जायेगा ;

(घ) दूरस्थ प्रचालित स्थितियों पर, जब विसर्पी दरवाजा बंद हो, को उपदर्शित करने के लिये साधनों का प्रबंध किया जायेगा ,

(ङ) जल रोक दरवाजे, जब पोत दोनों ओर 15 अंश तक झुका हो, प्रचालित किये जाने योग्य होंगे।

5. **निसल पंप व्यवस्था**.—हर पोत में दक्ष निसल पंप संयंत्र होगा तथा जल निकास के साधनों को ऐसे व्यवस्थित किया जायेगा कि खोल के किसी भाग में प्रविष्ट जल (उस जगह से भिन्न जो ताजे जल, जल नीरम तेल इंधन या द्रव स्थोरा को ले जाने के लिये स्थायी तौर से विनियक्त हो और जिसके लिये पंप करने या जल निकास के अन्य दक्ष साधनों का प्रबंध हो) कम से कम एक चूषण पंप से, जब पोत समतल पर या दोनों ओर 5 अंश से अनधिक झुका हो बाहर निकाला जा सके। इस प्रयोजन के लिये कहा जायेगा होगा कक्ष चूषण का प्रबंध किया जाएगा ऐसे कक्ष साधनों प्रबंध किया जायेगा जहां से जल चूषण पाइपों में सुगम से बह सके।

परन्तु केन्द्रीय सरकार यदि उसका समाधान हो जा कि तद् द्वारा पोत की सुरक्षा का ह्रास नहीं होता किसी पोत पोतों के वर्ग के विशिष्ट कक्षों में पंप किये जाने या अ निकास के साधनों की अभियक्ति की अनुज्ञा कर सकेगी

6. **विद्युत उपस्कर और संस्थान**.— (1) हर पो में विद्युत उपस्कर और संस्थापन, जिसमें नोदन कोई विद्युत साधन सम्मिलित है, ऐसे होंगे कि पो और उस पर सवार सब व्यक्तियों का विद्युत संकट से बचा हो सके और केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रतिगृहित मानकों के अनु रूप होंगे।

(2) हर पोत में, जिसमें विद्युत शक्ति ही पोत के नौप या सुरक्षा के लिये आवश्यक सहायक सेवाओं को बनाये रखने के लिये एक मात्र शक्ति है, ऐसी शक्ति के दो या अधिक जनित्र सैटों का बंध किया जायेगा जिससे कि पूर्वो क्त सेवाए, जब सैटों में से कोई एक खराब हो बनायी रखी जा सके।

(3) हर पोत में जिसके विद्युत भार में पोत की नोदन व सुरक्षा के लिये आवश्यक सेवाए सम्मिलित है और प्रशासन सामुद्रभार ऐसा है कि दो या अधिक जनित्रो की एक साथ कार्यचालन की अपेक्षा है, पर्याप्त अनावश्यक भार को स्वत निर्मुक्त करने का जब कुल धारा संसक्त जनित्र धारिता से अधिक हो जाती है प्रबंध किया जायेगा ।

7. **सकल 5000 टन या अधिक के पोतों में विद्युत शक्ति आपात**.—(1) सकल 5000 टन या अधिक के हर पोत में एक स्वतः पूर्ण विद्युत शक्ति के आपात स्रोत का सर्वोच्च सपा डैक के ऊपर की स्थिति में और मशीनरी खोलों के बाहरी तर प्रबंध इस प्रकार व्यवस्थित किया जायगा कि इसका, अग्नि या अन्य दुर्घटना की दशा में जिससे मुख्य विद्यु संस्थापन में खराबी पैदा हो, काम करना सुनिश्चित हो।

(2) ऐसे हर पोत में उपनियम (1) के अधीन अपेक्षित विद्युत शक्ति का आपात स्रोत, निम्नलिखित सेवाओं के साथ साथ छह घंटे से अन्यून कालवर्ती कालावधि के लिये प्रचालित करने में समर्थ होगा अर्थात

(क) भारतीय वाणिज्य पोत परिवहन (प्राण रक्षा सचित्र नियम 1953 के अधीन अपेक्षित आपात प्रकाश;

(ख) वह आपात अलार्म सहित जिसकी मुख्य मशीनरी जगह, पोत के मुख्य विद्युत शक्ति संयंत्र को रखने का स्था नौचालन कक्ष के ऊपर और चार्ट कक्ष में प्रबंध किया गया है,

(ग) साधारण एलार्म यदि विद्युत से प्रचालित हों ;

(घ) पोत के नौपरिवहन दीप यदि केवल विद्युत के ही हों, और

(ङ) दिवालोक सिग्नल लैंप यदि वह पोत का विद्युत शक्ति के मुख्य स्रोत द्वारा प्रचालित हो ।

(3) ऐसे हर पोत में –

(क) उपनियम (1) के अधीन अपेक्षित विद्युत शक्ति का आपात स्रोत या तो संचायक (स्टोरेज) बैटरियां होगी जो उपनियम (2) की अपेक्षा ओकयां, फिर से चार्ज हुए बिना या वोल्टता की अत्यधिक कमी हुए बिना अनुपालन करने में समर्थ हो, या यह अन्तर्दहन प्रकार की मशीनरी द्वारा चालित जनित्र जिससे स्वतन्त्र इंधन प्रदाय और चालू करने का दक्ष प्रबन्ध है, होगा और ऐसी मशीनरी के लिये प्रबंध किये गये इंधन का प्रज्वलन ताप 43° से० से अन्यून होगा ,

(ख) विद्युत शक्ति का आपात स्रोत इस प्रकार व्यवस्थित किया जायेगा कि यह, जब पोत 22½ अंश झुका हो और जब उसका झुकाव समतल से 10 अंश हो, दक्षता से प्रचालित होगा;

(ग) विद्युत शक्ति के आपात स्रोत और इसके सहयुक्त परिपथ के कालिक परीक्षण के लिये व्यवस्था की जायेगी ।

8 **सकल 1600 टन या अधिक लेकिन सकल 5000 टन से कम के पोतों में विद्युत शक्ति का आपात स्त्रोत**— (1) सकल 1600 टन या अधिक लेकिन 5000 टन से कम के हर पोत में एक स्वत: पूर्ण विद्युत शक्ति के आपात स्त्रोत का सर्वोच्च सपाट डैक के ऊपर या उठे हुए चौथाई डैक की स्थिति में और मशीनरी खोलो के बाहरी तरफ अवश्य इस प्रकार व्यवस्थित किया जाएगा कि इसका, अग्नि या अन्य दुर्घटना की दशा में जिससे मुख्य विद्युत संस्थापन में खराबी पैदा हो, काम करना सुनिश्चित हो ।

(2) उपनियम (1) में अपेक्षित विद्युत शक्ति का आपात स्त्रोत निम्नलिखित सेवाओं को साथ-साथ तीन घंटे से अन्यून क्रमवर्ती कालावधि के लिये प्रचालित करने में समर्थ होगा; अर्थात –

(क) भारतीय वाणिज्य पोत परिवहन (प्राण रक्षा साधित्र) नियम, 1956 के अधीन अपेक्षित आपात प्रकाश;

(ख) साधारण एलार्म यदि विद्युत से प्रचालित हो;

(ग) पोत के नौपरिवहन दीप यदि केवल विद्युत के ही हों ,

(3) ऐसे हर पोत में

(क) उपनियम (1) के अधीन अपेक्षित विद्युत शक्ति का आपात स्त्रोत या तो संचायक (स्टोरेज) बैटरियां होगी जो उपनियम (2) की अपेक्षाओं का, फिर से चार्ज हुए बिना या वोल्टता की अत्यधिक कमी हुए बिना, अनुपालन करने में समर्थ हों या अन्तर्दहन प्रकार की मशीनरी द्वारा चालित जनित्र होगा जिसमें स्वतन्त्र इंधन प्रदाय और चालू करने का दक्ष प्रबंध हो और ऐसी मशीनरी के लिये प्रबंध किये गये इंधन का प्रचालन ताप 43° से० से अन्यून होगा ;

(ख) विद्युत शक्ति का आपात स्त्रोत इस प्रकार व्यवस्थित किया जायेगा कि यह, जब पोत 22½ अंश झुका हो और जब स्रोत का समतल से झुकाव 10 अंश हो, दक्षता से प्रचालित होगा ।

(ग) विद्युत शक्ति के आपात स्त्रोत और इसके सहयुक्त परिपथ के कालिक परीक्षण के लिये व्यवस्था की जायेगी ।

9. **सकल 1600 टन से कम के पोतों में विद्युत शक्ति का आपात स्त्रोत**.—(1) सकल 1600 टन से कम के हर पोत में जिसमें सर्वोच्च सपाट डैक के ऊपर या उठे हुए चौथाई डैक की स्थिति में और मशीनरी खोलों के बाहरी तरफ इसका विद्युत शक्ति का मुख्य स्त्रोत न हों, एक स्वत: पूर्ण विद्युत शक्ति के आपात स्त्रोत का सर्वोच्च सपाट डैक के ऊपर या उठे हुए चौथाई डैक की स्थिति में और मशीनरी खोलों के बाहरी तरफ प्रबन्ध इस प्रकार व्यवस्थित किया जायेगा कि इसका, अग्नि या अन्य दुर्घटना की दशा मे जिससे मुख्य विद्युत संस्थापन में खराबी पैदा हो, काम करना सुनिश्चित हो ।

(2) उपनियम (1) मे अपेक्षित विद्युत शक्ति का आपात स्त्रोत निम्नलिखित सेवाओ को साथ साथ तीन घंटे से अन्यून क्रमवर्ती कालावधि के लिये प्रचालित करने में समर्थ होगा, अर्थात –

(क) भारतीय वाणिज्य पोत परिवहन (प्राण रक्षक साधित्र) नियम, 1956 के अधीन अपेक्षित आपात प्रकाश,

(ख) साधारण एलार्म यदि विद्युत से प्रचालित हो

(ग) पोत के नौपरिवहन दीप यदि केवल विद्युत के ही हो ।

(3) ऐसे हर पोत में–

(क) उपनियम (1) के अधीन अपेक्षित विद्युत शक्ति का आपात स्त्रोत या तो संचायक (स्टोरेज) बैटरियां होगी जो उपनियम (2) की अपेक्षाओं का, फिर से चार्ज हुये बिना या वोल्टता की अत्यधिक कमी हुये बिना, अनुपालन करने में समर्थ हों या अन्तर्दहन प्रकार की मशीनरी द्वारा चालित जनित्र होगा जिसमें स्वतंत्र इंधन प्रदाय और चालू करने का दक्ष प्रबंध हो और ऐसी मशीनरी के लिये प्रबंध किये गये इंधन का प्रज्वलन ताप 430 सें० से अन्यून होगा,

(ख) विद्युत शक्ति का आपात स्रोत इस प्रकार व्यवस्थित किया जायेगा कि यह, जब पोत 22½ अंश झुका हो और जब पोत का समतल से झुकाव 10 अंश हो, दक्षता से प्रचालित होगा;

(ग) विद्युत शक्ति के आपात स्रोत और इसके सहयुक्त परिपथ के कालिक परीक्षण के लिये व्यवस्था की जाएगी।

10. **विद्युत और वैद्युतप्रचालित कर्ण गियर.**—(1) हर पोत में जिसमें विद्युत या वैद्युत द्रव चालित कर्ण गियर लगा है उपकर्णको का प्रबंध किया जायेगा जो, जब ऐसे कर्ण गियर के शक्ति एकक चालू हैं दर्शायेंगे, ये उपकरण, मशीनरी नियंत्रण कक्ष या ऐसी अन्य स्थित या स्थितियों जैसा कि केन्द्रीय सरकार अनुमोदित करे और नीचालन कक्ष पर स्थित होंगे।

(2) सकल 5000 टन या अधिक के हर पोत में निम्नलिखित व्यवस्था की जायेगी, अर्थात :—

(क) विद्युत और वैद्युत द्रव चालित कर्ण गियर में मुख्य स्विच बोर्ड से दो परिपथ आयेंगे जिनमें से एक आपात स्विच बोर्ड में से यदि पोत पर कोई आपात स्विच बोर्ड का प्रबंध है, होकर जा सकता है। प्रत्येक परिपथ की सब मोटरों को जो इससे प्रसामान्यतः सम्बद्ध हैं और जो साथ साथ प्रचालित होती हैं शक्ति प्रदाय को पर्याप्त क्षमता होगी और यदि कर्ण गियर कक्ष में या तो किसी मोटर या मोटरों के समुच्चय को परिपथ शक्ति प्रदाय के अन्तरण का प्रबंध है, तो प्रत्येक परिपथ की अत्याधिक भार की दशा में के लिये पर्याप्त क्षमता होगी। परिपथ अपनी पूर्ण लंबाई भर में यावत्संभव चौड़ाई से अलग अलग रखा जायेगा।

(ख) ऐसे परिपथों और मोटरों के लिये केवल लघु-पथ संरक्षण का प्रबंध किया जायेगा

(3) सकल 5000 टन से कम हर पोत जिसमें मुख्य और सहायक दोनों, कर्ण गियरों के लिये विद्युत शक्ति ही एक मात्र शक्ति का स्रोत है, उपनियम (2) की अपेक्षाओं के अनुसार होगा सिवाय इसके कि यदि सहायक कर्ण गियर किसी मोटर द्वारा शक्तिकृत है जो प्राथमिकता : अन्य स्रोत के लिये आशयित है, यथोचित अति भार संरक्षण लगाये जा सकेंगे।

11. **आघात, अग्नि और विद्युत भूल के अन्य परिसंकटों से पूर्वावधानी.**—(1) हर पोत में सभी विद्युत उपस्कर इस प्रकार संनिर्मित और संस्थापित किये जायेंगे कि किसी व्यक्ति को, जो उन्हें उचित रीति से उपयोग कर रहा हो, क्षति का खतरा नहीं होगा। उपनियम (2) के उपबन्धों के अधीनरहते हुए जहां पोत के उपस्कर के रूप में दिया गया विद्युत उपस्कर का 55 वोल्ट से अधिक वोल्टीयता पर प्रचालित किया जाना अपेक्षित है, ऐसे उपस्कर के अरक्षित धातु भाग जिनका पृथ्वी की वोल्टीयता से अधिक वोल्टीयता रखना आशयित नहीं है लेकिन जो त्रुटिपूर्ण परिस्थितियों के अधीन ऐसी वोल्टीयता रख सकता है, नयोजित कर दिये जायेंगे।

(2) हर पोत में जहां पोत के उपस्कर के रूप में दिये गये सुवाह्य विद्युत दीपकों, औजारों और समरूप उपकरणों का 55 वोल्ट से अधिक वोल्टीयता पर प्रचालित किया जाना अपेक्षित है के अरक्षित धातु भाग प्रदाय केबिल में संवाहक द्वारा भूयोजित कर दिये जायेंगे जब तक कि दोहरे रोधन के प्रयोग या यथोचित पृथक्कारी ट्रांसफारमर द्वारा कम से कम संवाहक द्वारा भूयोजित होने जैसे प्रभावशाली बचाव का प्रबंध न हो। जब विद्युत दीप, औजार या अन्य उपकरण आर्द्र जगह में प्रयोग होते हैं, वह सुनिश्चित करने के लिये कि विद्युत आघातों का खतरा न्यूनतम हो जाये, या वस्तुसाध्य प्रबंध किये जायेंगे।

(3) हर पोत में प्रत्येक मुख्य और आपात स्विच बोर्ड इस प्रकार व्यवस्थित किया जायेगा कि उसके सामने और पीछे किसी व्यक्ति को बिना खतरे के पहुंच आसान हो। ऐसे हर स्विच बोर्ड की यथोचित रूप से रक्षा की जायेगी और जहां आवश्यक हो, इसके आगे और पीछे असंवाहक चटाई या जाली लगाई जायेगी। कोई भी अरक्षित भाग जिसकी संवाहकों के बीच में या भूमि वोल्टीयता, दिष्टधारा 250 वोल्ट या प्रत्यावर्ती धारा 55 वोल्ट, से अधिक है, किसी स्विच बोर्ड या नियंत्रण पेनल के सामने संस्थापित नहीं किया जायेगा।

(4) किसी पोत में वितरण की हल फिटर्न पद्धति प्रयुक्त नहीं की जायेगी.

परन्तु केन्द्रीय सरकार टैंकर से भिन्न किसी पोत को इस उपनियम की अपेक्षाओं का अनुपालन करने से छूट दे सकती है।

(5) हर पोत में प्रत्येक विद्युत केबिल, एवंप्रत्येक स्थिति जिसमें किसी विद्युत दोष से आग लग सकती है, ज्वाला गति रोधी, आच्छादित या कवचित या अन्यथा समानतः प्रभावशाली रूप से संरक्षित होंगे विद्युत केबिल के सभी धातु आच्छादों और धातु कवचों में विद्युत का अविरत प्रवाह रहेगा और वे भूयोजित होंगे।

(6) हर पोत में प्रकाश फिटिंग इस प्रकार व्यवस्थित की जायेगी कि ताप कम का बढ़ना, जो उसको विद्युत वायरिंग के लिये क्षतिकर हो, या जिससे आस पास की सामग्री में आग का खतरा पैदा हो सकता है, रोका जा सके।

(7) हर पोत में वायरिंग में आलंबन इस प्रकार से लगाये जायेंगे कि रगड़ या अत्यधिक कंपन से बचा जा सके।

(8) हर पोत में,—

(क) प्रत्येक पृथक विद्युत परिपथ को लघुपथ से संरक्षित किया जायेगा,

(ख) पोत के कर्ण गियर को प्रचालित करने वाले परिपथ या किसी अन्य परिपथ जिसकी बाबत में केन्द्रीय सरकार ने छूट दे रखी है, से भिन्न ऐसे प्रत्येक पृथक विद्युत परिपथ अतिभार से संरक्षित किया जायेगा । प्रत्येक अतिभार संरक्षणात्मक युक्ति युक्ति के ऊपर या पास परिपथ की धारा वहन क्षमता जिसका यह संरक्षण करती है और युक्ति का वर्ग क्रम या विन्यास स्पष्ट और स्थायीरूप से उपदर्शित किया जायेगा ।

(9) हर पोत में सभी संचालक (स्टोरेज) बैटरिया बक्सो या डिब्बो में रखी जायेगी जो बैटरियों को नुकसान से संरक्षित करने के लिये संनिर्मित हैं और विस्फोटक गैसों के संचयन को न्यूनतम करने के लिये सवातित है । युक्तियों किसी डिब्बे में, जो मुख्यत संचायक बैटरियो के लिये समनुदेशित हैं, संस्थापित नहीं की जायेगी ।

(10) हर पोत में जिसमें विद्युत स्पेस हीटर, इसके उपस्कर का भाग है ऐसा हर विद्युत स्पेस होटर एसी स्थिति में लगाया जायेगा और इस प्रकार सन्निर्मित होगा जिससे कि आग लगने की जोखिम घट कर कम से कम हो जाये । ऐसा होटर ऐसे किसी तत्व से संनिर्मित नहीं किया जायेगा जो कि इस प्रकार खुला छोड़ दिये जाने पर तत्व से निकले हुये ताप से कपडो, परदों या अन्य पदार्थों को झुलसा सके या उनमें आग लगा सके ।

12 **अग्नि परिरक्षण.**—

(1) यह उपनियम सकल 4000 टन या अधिक के सभी स्थौरा पोतो को लागू होगा और उपनियम (9) सकल 500 टन या अधिक के स्थौरा पोतों को भी लागू होगा ।

(2) किसी पोत में जिसमें पोपभीत को ख वर्ग पेनलो से संनिर्माण करने की अपेक्षा है, ऐसे पेनल तीस मिनट की अवधि के पूरे मानक अग्नि परीक्षण के दौरान ज्वाला पथ की रोकथाम करने मे समर्थ होंगे ? इस प्रयोजन के लिये प्रयुक्त किया गया हर एक अदाह्य ख वर्ग पेनल ऐसा होगा कि उसकी दोनों में से कोई सतह तीन मिनट की अवधि के मानक अग्नि परीक्षण के लिये अनावरित की जाये, तो पेनल की अनअनावरित सतह के औसत तापक्रम में परीक्षण के प्रथम 15 मिनट के दौरान वृद्धि नहीं होगी और परीक्षण की पूरी कालावधि के दौरान उस सतह के आरम्भिक तापक्रम से 139° सें० अधिक नहीं होगा और न ही उस के किसी एक बिन्दु पर आरंभिक तापक्रम से 225° सें० अधिक की वृद्धि होगी । इस प्रयोजन के लिये प्रयुक्त किया गया हर एक वहनशील ख वर्ग पेनल ऐसा होगा कि यदि उसकी दोनों में से कोई सतह तीस मिनट की अवधि के लिये मानक अग्नि परीक्षण के लिये अनावरित की जाये तो पैनल की अनअनावरित सतह के औसत तापक्रम में उस सतह पर आरंभिक तापक्रम से 139 अंश सें०अधिक की वृद्धि नहीं होगी और न ही उस के किसी एक बिन्दु आरम्भिक तापक्रम से 225 सें० अधिक की वृद्धि होगी ।

(3) हर पोत में,—

(क) खोखू जिसमें अग्निसंरचना, पोपभीत, डेक और डैक पर सम्मिलित है इस्पात से संनिर्मित किये जायेंगे;

परन्तु किन्ही विशेष मामलो मे केन्द्रीय सरकार आग की जोखिम को ध्यान में रखते हुये इनमें से किसी को भी ऐसी अन्य यथोचित सामग्री से, जैसा वह उचित समझे, सन्निर्मित करने की अनज्ञा दे सकती है ।

(ख) गलियारे पोतभीत जो वास जगह और नियंत्रण स्टेशन का काम करते हैं, इस्पात या ख वर्ग पेनलों से निर्मित किये जायेंगे ।

(4) हर पोत मे,—

(क) द्वार और गलियारे पोपभीतो में इसी प्रकार के पथ स्थायी रूप से सलग्न दरवाजो या पटों द्वारा बन्द किये जाने योग्य होंगे ।

(ख) ऐसे पोतभीतो में संवाती पटों की संख्या कम से कम रखी जायेगी । ऐसे पट, जहा तक युक्तियुक्त रूप से साध्य हो, दरवाजे के निचले भाग में होंगे ।

(5) हर पोत में वास जगहों के भीतर आन्तरिक जीना, सोढिया और कर्मोंदल लिफ्ट ट्रंक इस्पात या अन्य समतुल्य सामग्री से सन्निर्मित किये जायेंगे ।

(6) हर पोत में किसी आपात जनित्र कक्ष की सीमा पोत भीत और रसोई, पेंट कक्ष, नीप-कक्ष या बोटा स्वेन के भडार को पृथक करने वाले पोत भीत इस्पात या अन्य समतुल्य सामग्री से सन्निर्मित किये जायेंगे ।

(7) हर पोत में जगहो के भीतर डैक आच्छाद और डैक नियत्रण स्टेशन जो मशीनरी का छत्र बनाते हैं और स्थौरा जगह इस प्रकार की होंगी कि तुरन्त ज्वलित न हो सके ।

(8) हर पोत में,—

(क) वास जगहों, मशीनरी जगहों और नियंत्रण स्टेशनो में पेंट, वार्निश और अन्य सतह सामग्री जिनमें नाइट्रोसेलूलोज या अन्य अत्यन्त ज्वलनशील आर हो प्रयोग नहीं की जायेगी ;

(ख) तेल या अन्य ज्वलनशील द्रव को ले जाने के लिये आशयित के पाइप आगे की जोखिम को ध्यान में रखते हुये ऐसी सामग्री के होंगे जो केन्द्रीय सरकार को प्रतिग्राह्य हो;

(ग) जहाज पर कीलाल, शौच विसर्जन या जल रेखा के समीप के अन्य भागों ऐसी सामग्री के नहीं होंगे जो आग लगने की दशा में निष्फल हो जाये और उससे बाद का खतरा पैदा हो जाये ।

(घ) चलचित्र संस्थापनों में सेलूलोज नाइट्रेट फिल्म प्रयोग नहीं की जायेगी ।

(9) हर पोत में, –

मुख्य नोदन मशीनरी या तेल से चलने वाला बायलर या अन्तर्दाह्य प्रकार की सहायक मशीनरी जिसकी कुल अश्व-शक्ति 1000 या अधिक हो, को रखने वाली जगहों के रोशन दान बन्द किये जाने के योग्य होंगे और जहां साध्य हो आग लगने की दशा में जगहों के बाहर से खोले जा सकेंगे और जहां उनमें कांच के पैनल हों, ऐसे पैनल तार प्रबलित कांच से फिट किये गये अग्नि प्रतिरोधी संनिर्माण होंगे और बाह्य स्थायी संलग्न पट इस्पात या अन्य समतुल्य सामग्री के होंगे,

(ख) इंजन खोल में खिड़कियां नहीं लगाई जाएंगी सिवाए वहां जहां केन्द्रीय सरकार का समाधान हो जाए कि वे आवश्यक हैं और अग्नि दुर्घटना संघटित नहीं होगी । जहां ऐसी खिड़कियां लगाई जायेंगी ये न खुलने वाले प्रकार की होंगी और ये तार प्रबलित कांच से फिट की गई अग्नि प्रतिरोधी संनिर्माण होगी और इनमें स्थायी संलग्न बाह्य पट इस्पात या अन्य समतुल्य सामग्री के होंगे ।

13. बायलर्स और मशीनरी – साधारण .—

(1) हर पोत में मशीनरी, बायलर्स और अन्य दाब वाहिकाएं ऐसे डिजाइन और संनिर्माण की होंगी कि उस सेवा के लिये जिसके लिये वे आशयित है समुचित हों और इस प्रकार संस्थापित और संरक्षित की जायेगी कि बोर्ड पर के व्यक्तियों को खतरा घट कर कम से कम हो जाये ।

(2) उपनियम (1) की अपेक्षाओं की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना हर पोत बायलर्स और मशीनरी में ऐसे साधनों की व्यवस्था की जायेगी जो ऐसी मशीनरी बायलर्स और अन्य दाब वाहिकाओं के किसी भाग के अधि-दान का निवारण करेंगे और विशेष रूप से हर बायलर और हर तेल प्रसंजित वाष्प-जनित्र में० दो सुरक्षा वाल्वों से अन्यून व्यवस्था की जायेगी ।

परन्तु केन्द्रीय सरकार, यदि उसका यह समाधान हो जाये कि आधिदाब के प्रतिकूल बचाव की समुचित व्यवस्था है तो वह किसी बायलर या अप्रसंजित वाष्प जनित्र के उत्पाद या किसी अन्य लक्षण का ध्यान रखते हुए केवल एक सुरक्षा वल्व लगाने की अनुज्ञा दे सकती है ।

14. बायलर्स और अन्य दाब वाहिकाएं.—

(1) हर पोत में हर बायलर या अन्य दाब वाहिका और इनके अपने प्रथमबार उपयोग में लाये जाने से पूर्वयथास्थिति उस बायलर या दाब वाहिका के कार्यकारी दाब से यथोचित अधिक दाब पर, यह सुनिश्चित करने के लिये कि बायलर या कोई अन्य दाब वाहिका अपने माउंटिंग सहित शक्ति और डिजाइन में उस उपयोग के लिये जिसके लिये यह आशयित है,

(क) डिजाइन और सामग्री जिससे यह संनिर्मित है;

(ख) प्रयोजन जिसके लिये इसका प्रयोग आशयित है, और

(ग) कार्यकरण परिस्थितियों जिनके अधीन इसका प्रयोग आशयित है,

को ध्यान में रखते हुए द्रवचालित परीक्षण के अध्यधीन होंगे

(2) ऐसे हर बायलर या दाब वाहिका और इनके अपने अपने माउंटिंग प्रभावशाली परिस्थितियों में रखे जायेंगे ।

(3) हर पोत में ऐसी व्यवस्था की जायेगी जिससे हर दाब वाहिका की सफाई और निरीक्षण पर्याप्त रूप से सुकर हो जाये ।

15. मशीनरी.—

(1) हर पोत में, पोत के नौदान और सुरक्षा के लिये आवश्यक मुख्य और सहायक मशीनरी मे नियंत्रण के प्रभावशाली साधनों की व्यवस्था की जायेगी और मशीनरी जब आरंभतः पोत में कोई शक्ति उपलब्ध नही है प्रचालित किये जाने के योग्य होगी ।

(2) हर पोत में जहां मशीनरी के अधिगतित्वरण से खतरा विद्यमान है वहां यह सुनिश्चित करने के लिये कि सुरक्षित गति न बढ़े, साधनों की व्यवस्था की जायेगी । हर पोत में जहा मुख्य या सहायक मशीनरी या ऐसी मशीनरी का कोई भाग आन्तरिक दाब के अध्यधीन है, प्रथम बार उपयोग के लाये, जाने से पूर्व कार्यकारी दाब से यथोचित अधिक दाब पर

(क) डिजाइन और सामग्री जिससे यह संनिर्मित है,

(ख) प्रयोजन जिसके लिये इनका प्रयोग आशयित है, और

(ग) कार्यकरण परिस्थितयां जिनके अधीन इनका प्रयोग आशयित है,

को ध्यान में रखते हुए द्रवचालित परीक्षण के अध्यधीन होंगे ।

(3) हर पोत में, मुख्य या सहायक मशीनरी या उनका कोई भाग जो आन्तरिक दाब के अध्यधीन है प्रभावशाली परि-स्थितियों में रखा जायेगा ।

16. पीछे जाने के साधन.—हर पोत सभी प्रसामान्य परिस्थितियों में पोत के समुचित नियंत्रण को सुनिश्चित करने के लिये पीछे जाने के लिये पर्याप्त शक्ति रखेगा।

17. शाफ्ट.—हर पोत में प्रत्येक शाफ्ट इस प्रकार डिजाइन और संनिर्मित की जायेगी की इसकी सुरक्षा की पर्याप्त और व्यवस्था।

(क) सामग्री जिससे यह संनिर्मित है,

(ख) सेवा जिसके लिये यह आशयति हैं, और

(ग) इंजन का प्रकार जिसके द्वारा यह खीची जाती है या जिसका यह भाग है,

को ध्यान में रखते हुये अधिकतम कार्यकारी प्रतिबल जिसके यह अध्यधीन हो सके, को सहन कर सकेगी।

18. बायलर संभरण प्रणाली.—(1) हर पोत मे, हर बायलर मे जो पोत की सुरक्षा के लिये आवश्यक सेवाओं की व्यवस्था करता है और जो संभरण जलप्रदाय के खराब हो जाने पर खतरनाक बन सकता है, दो से अन्यून प्रभावशाली और पृथक संभरण जल प्रणाली इस प्रकार व्यवस्थित करके कि ऐसी प्रणाली मे से कोई एक दूसरी की प्रभावशीलता पर प्रभाव डाले बिना निरीक्षण या पूरी मरम्मत के लिये खोली जा सके, लगाई जायेगी। ऐसी हर प्रणाली में ऐसे साधनों की व्यवस्था की जायेगी जो प्रणाली के किसी भाग मे अधिदाब को रोके।

(2) यदि किसी पोत की बायलर संभरण प्रणाली मे तेल प्रविष्ट होने की संभावना है तो बायलर संभरण जल के प्रदाय के लिये व्यवस्था मे संभरण जल में तेल के अन्तारोधन की व्यवस्था की जायेगी।

(3) हर संभरण निरोध वाल्व, फिटिंग या पाइप जिसमें से होकर पाइप से ऐसे बायलर को संभरण जल जाता है सुरक्षा की व्यवस्था जो पर्याप्त हो, उस सामग्री जिससे यह संनिर्मित है, और कार्यकरण परिस्थितियों जिनके अधीन इसको प्रयोग किया जायेगा को ध्यान में रखते हुये अधिकतम कार्यकारी प्रतिबल जिसके यह अधीन हो सके को सहन करने के लिये डिजाइन और संनिर्मित किया जायेगा। ऐसा हर वाल्व, फिटिंग या पाइप प्रथम बार उपयोग में लाए जाने से पूर्व यथोचित रूप से उस बायलर के अधिकतम कार्यकारी दाब से जिससे यह संबद्ध है या उस अधिकतम कार्यकारी दाब से जिसके संभरण लाइन अध्यधीन हो सकती है, इनमें जो भी अधिक हो से अधिक दाब पर द्रवचालित परीक्षण के अधीन होगा और प्रभावशाली दशा में बनाए रखा जायेगा।

(4) उपनियम (3) में निर्दिष्ट संभरण पाइप यथोचित रूप से व्यवस्थित किये जायेंगे।

19. वाष्प पाइप प्रणाली.—(1) हर पोत में उससे संबद्ध हर वाष्प पाइप और हर फिटिंग जिस से होकर वाष्प जा सकती है इस प्रकार डिजाइन और संनिर्मित किया जायगा इसकी सुरक्षा की पर्याप्त हो व्यवस्था जो, और

(क) सामग्री जिससे यह संनिर्मित है, और

(ख) कार्यकरण परिस्थितियों जिनके अधीन वह प्रयोग किया जायेगा।

को ध्यान में रखते हुये अधिकतम कार्यकारी प्रतिबल जिसके यह अध्यधीन हो सके, को सहन कर सके।

(2) उपनियम (1) की अपेक्षाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ऐसा हर वाष्प पाइप या फिटिंग प्रथम बार उपयोग में लाए जाने से पूर्व यथोचित रूप से इसके अधिकतम दाब से, जो अवधारित किया जाना है, अधिक दाब पर उपनियम (1) के खड (क) और (ख) की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए द्रव चालित परीक्षण के अध्यधीन होगा, और ऐसा हर वाष्प पाइप और फिटिंग प्रभावशील दशा में बनाए रखा जायगा।

(3) वाष्प पाइप यथोचित रूप से आलंबित किये जायेंगे।

(4) ऐसी व्यवस्था की जायगी जिससे अत्यधिक प्रतिबल को जिसके कारण चाहे तापक्रम, कंपन में फेरफार होने से, या अन्यथा के कारण से ऐसे वाष्प पाइप या फिटिंग में संभाव्य खराबी हो सकती हो, परिवर्जित की जा सके।

(5) ऐसे हर वाष्प पाइप के लिये, यह सुनिश्चित करने के लिये कि पाइप का अन्तरभाग जल से मुक्त रखा जा सके, जल निकास के प्रभावशाली साधनों की व्यवस्था की जायगी और पोत की आशयित सेवा के दौरान किसी भी परिस्थिति में संभावित रूप से उत्पन्न होने वाली जलघन क्रिया (वाटर हैमर एक्सन) न हो।

(6) यदि किसी पोत में वाष्प पाइप किसी दूसरे उच्च दाब, जिसे यह पर्याप्त सुरक्षा की व्यवस्था से सहन नहीं कर सकता है, के स्त्रोत से वाष्प लेने की अपेक्षा रखता है तो ऐसे पाइप में प्रभावशाली न्यूनक वाल्व, रक्षा वाल्व और दाबमापी लगाया जायगा।

20. वायु दाब प्रणाली.—(1) हर पोत में जिसमें नौदन और पोत या बोर्ड पर के व्यक्तियों की सुरक्षा के लिये आवश्यक मशीनरी पूर्णत संपीड़ित वायु द्वारा, चालू होने, प्रचालन और नियंत्रण की अपेक्षा करती है, एक प्रभावशाली वायु प्रणाली, जिस में पर्याप्त संख्या में वायु संपीडक और संपीडित वायु संग्रह वाहिका सम्मिलित है, यह सुनिश्चित करने के लिये कि सेवा में होने वाले सभी संभाव्य परिस्थितियों में संपीड़ित वायु का प्रदाय पर्याप्त हो सके. कि व्यवस्था की जायगी।

(2) (क) ऐसी हर वायु दाब प्रणाली के भाग वायु चालित नियंत्रण प्रणाली से भिन्न जो वायु दाब के अध्यधीन हैं। इस प्रकार डिजाइन और सन्निर्मित किये जायेंगे कि वे अधिक तक कार्यकारी प्रतिबल को जिसके वे अध्याधीन हो सके पर्याप्त रक्षा की व्यवस्था सहित सहन कर सके और ऐसी प्रणाली में हर वायु दाब पाइप या फिटिंग प्रथम बार उपयोग में लाये जाने से पूर्व इसके अधिकतम कार्यकारी दाब से दुगने दाब पर द्रवचालित परीक्षण के अध्यधीन होंगे और वे प्रभावशाली दशा मे बनाये रखे जायेंगे।

(ख) ऐसी किसी वायु दाब प्रणाली के किसी भाग में अधिदाब के निवारण के लिये साधनों की व्यवस्था की जायगी और जहां वायु संपीडकों और शीतकों की जल जैकिट या जल खोल वायु दाब के भागों से उनमें क्षरण के कारण खतरनाक अधिदाब के अध्यधीन हो वहां यथोचित और पर्याप्त दाब रक्षकों की व्यवस्था की जायगी ।

(ग) ऐसे हर वायु दाब प्रणाली में--

(1) प्रणाली में तेल के प्रवेश को घटा कर न्यूनतम करने ; प्रणाली के निकास; और

(3) प्रणाली की आन्तरिक विस्फोट के प्रभाव से रक्षा करने,

की व्यवस्था की जायगी।

(घ) ऐसे हर वायु संपीड़को में विसर्जन पाइप चालन वायु सपीड़को से सीधे चालन वायु संग्रहियो को ले जाय जायेंगे और वायु संग्रहियों से मुख्य या सहायक इंजिनों को जाने वाले सब चालन वायु पाइप संपीड़क विसर्जन पाइप प्रणाली से पूर्णतः प्रथक होग ।

21. **शीतक जल प्रणाली.**—हर पोत में जिसमें प्रणोदी मशीनरी को चालू रखने के लिये शीतक जल सेवा आवश्यक है ऐसी जल सेवा के प्रचालन के लिय कम से कम दो साधनों व्यवस्था की जायगी।

22. **स्नेहन और अन्य तेल प्रणालियां.**—हर पोत में जिसमें मुख्य प्रणोदी मशीनरी और इसकी आनुषंगिक सेवाओं के शीतन या प्रचालन में स्नेहन के लिये तेल दाब में परिचालित होता है, तो पंप के खराब होने की दशा में ऐसे तेल के परिचालन के विकल्प साधन के उपलब्ध होने की पर्याप्त व्यवस्था की जायगी।

23. **तेल और गैसीय इंधन संस्थापन.**—(छ) हर पोत में, बायलर या मशीनरी के प्रयोग के लिये तेल का दमक तापांक 65.0° सें 0 (बन्द परीक्षण) से अन्यून होगा ;

परन्तु केन्द्रीय सरकार ऐसी शर्त के अध्यधीन जैसी वह अधिरोपित कर सके —

(क) किसी पोत को बायलर में 545° सें0 से अन्यून वा आन्तरिक और दहन प्रकार की मशीनरी में 43.3° सें0 से अन्यून दमक तापांक के तेल इंधन की प्रयोग करने की अनुज्ञा दे सकेगी, और

(ख) उन पोतों में जो द्रवित गैसों को ले जाने के लिय डिजाइन किये गये हों गैसीय इंधन को प्रयोग करने को, यदि ऐसा इंधन ले जाये गये स्थौरा के वाष्पीकरण से ही पूरी तरह परिणामित होता है, अनुज्ञा दे सकेगी।

(2) उपनियम (1) में को कोई भी बात नियम 7 के उपनियम (3) के खड (क) नियम 8 के उपनियम (3) के खंड (क) और नियम 9 के उपनियम (4) के खंड (क) के अधीन अपेक्षित विद्युत शक्ति के आपात स्त्रोत का प्रचालन करने वाली मैशीनरी के लिय इंधन को लागू नही होगी।

(3) हर पोत में जिसमें तेल या गैसीय इंधन का उपयोग होता है, इंधन तेल के संग्रह वितरण और उपयोग को व्यवस्था ऐसी होगी कि, अग्नि दुर्घटना और विस्फोट जो ऐसे तेल के उपयोग से हो सकता है, को ध्यान में रखते हुए, पोत और बोर्ड पर के व्यक्तियों की परिरक्षा हो सके।

(4) हर पोत में जिसमें पोत के नौदन या सुरक्षा के लिए इंजिन या बायलर्स में तेल या गसीय इंधन का उपयोग होता है इंधन के संग्रह वितरण और उपयोग की व्यवस्था ऐसी होगी कि उन सभी संभाव्य परिस्थितियो में जो पोत की सेवा के दौरान हो सकें इंजिनों का प्रभावशाली उपयोग बनाया रखा जा सके ।

(5) बायलर के हर तेल इंधन संस्थापन में जो पोत के नौदन के लिये वाष्प प्रदान करता है दो तेल इंधन एककों से अन्यून सम्मिलित होंगें ।

24. **नौचालन कक्ष और इंजिन कक्ष के बीच म संसूचना** — हर पोत में नौचालन कक्ष से इंजिन कक्ष नियंत्रण प्लेटफार्म तक आदेशों को संसूचित करने के लिय दो साधनों की व्यवस्था की जायगी। साधनों में से इंजिन कक्ष तार होगा।

25. **कर्ण गियर** (1)हर पोत में प्रभावशाली मुख्य और सहायक कर्ण गियरों की व्यवस्था की जायगी :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार के समाधान प्रद रूप से दोहरे कर्ण गियर शक्ति एकक और उनके संयोजन लग हुए और ऐसा हर शक्ति एकक उपनियम (2)के खंड (ग) की अपेक्षाओं के अनुसार है तो केन्द्रीय सरकार किसी पोत पर सहायक कर्ण गियर की व्यवस्था की अपेक्षा से अभिमुक्ति प्रदान कर सकेगी।

(2) हर पोत में,—

(क) मुख्य कर्ण गियर जिसमें सुकान और सहयुक्त फिटिंग सम्मिलित है, पर्याप्त सामर्थ्य का होगा और पोत को अधिकतम सेवा गति पर कर्षित करने में पर्याप्त होगा। मुख्य कर्ण गियर और सुकान दण्ड इस प्रकार डिजाइन किये जायेंगे कि पीछे अधिकतम गति पर अतिग्रस्त न हो ;

(ख) मुख्य कर्ण गियर सुकान को आगे चलते हुए पोत की अधिकतम सेवा गति पर 35° पर एक और और 35° पर दूसरी ओर रखने में समर्थ होगा। सुकान अधिकतम सेवा गति पर 28 सेकिन्ड में 35° किसी एक ओर से 30° दूसरी ओर तक रखे जाने में समर्थ होगा ;

(ग) सहायक कर्ण गियर शीघ्रता से क्रियान्वित किये जाने में समर्थ होगा और पोत को नाव्य गति पर कर्षित करने में समर्थ बनाने में यथोयोग्य सामर्थ्य और पर्याप्त शक्ति का होगा। किसी पोत में खंड (क) की अपेक्षाओं के अनुसार पतवार के रूप में 35.56 सेंटीमीटर से अधिक व्यास का सुकान दंड अपेक्षित है। सहायक कर्ण गियर शक्ति द्वारा प्रचालित किया जायगा :

(3) हर पोत में जिसमें शक्ति द्वारा प्रचालित कर्ण गियर लगा हुआ है सुकान की स्थिति मुख्य चालन स्टेशन पर उपदर्शित की जायगी।

26 अतिरिक्त गियर:—

पोत की आशयित सेवा को ध्यान में रखते हुए हर पोत में पर्याप्त अतिरिक्त कर्ण गियरों की व्यवस्था की जायगी।

27. दिक सूचक:—

(1) उपनियम (2) के उपबन्धों के अध्यधीन हर पोत में दो प्रभावशाली दिक्सूचकों की व्यवस्था की जायगी जो बिनेकल में रखे जाएंगे और पति की मध्य रेखा पर स्थित होंगे। ऐसे दिक्-सूचकों में से एक की व्यवस्था मानक दिक्सूचक के रूप में उपयोग करने के लिये की जायेगी और सामान्य चालन स्थिति के समीप और ऐसी स्थिति में जहां से क्षितिज के दृश्य में कम से कम बाधा हो स्थित किया जायेगा। ऐसी दिक्सूचकों में से दूसरे की व्यवस्था चालन दिक्सूचक के रूपमें उपयोग करने के लिये की जायेगी और जबतक कि इस प्रयोजन के लिये मानक चुम्बकीय दिक्सूचक प्रक्षिप्त परावर्तित बिम्ब की व्यवस्था न हो या पूर्णाक्ष दिक्सूचक या ध्रुवाक्ष या प्रेषण चुम्बकीय दिक्सूचक पुनरावर्तक प्रसामान्य चालन स्थिति के समीप स्थित न हो जिस दशा में बिनेकल या पादपीठ में रखा हुआ पूसरी चुम्बकीय दिक्सूचक आपात चालन स्थिति पर लगाया जायेगा सामान्य चालन स्थित के समीप स्थित किया जायेगा।

(2) जहां आपात चालन स्थिति नहीं है परन्तु पोत मानक प्रक्षेपक चुम्बकीय दिकसूचक और ध्रुवाक्ष दिकसूचक से पुनरावर्तक सहित, सज्जित हो और परन्तु यह और भी कि बोर्ड पर अतिरिक्त चुम्बकीय दिकसूचक कटोरा अपने जिम्बल एकको सहित ले जाया जाता हो ताकि यह उस दिकसूचक के यदि वह बेकार हो जाय तो मानक दिकसूचक बदला जा सके तो वहां दो चुम्बकीय दिकसूचक और बिनकल अपेक्षित नहीं होंगे।

(i) ऐसे किसी स्थान या भवन में प्रवेश और उसका निरीक्षण जिसमें प्रवेश या जिसका निरीक्षण जांच के प्रयोजनों के लिए आवश्यक प्रतीत हो, कर सकेगा या करने के लिए किसी व्यक्ति को प्राधिकृत कर सकेगा;

(ii) साक्षियों को हाजिर करा सकेगा और दस्तावेजों तथा भौतिक वस्तुओं को हाजिर करने के लिए विवश कर सकेगा; और ऐसा प्रत्येक व्यक्ति जिससे कोई जानकारी देने को न्यायालय द्वारा अपेक्षा की गई है, भारतीय दण्ड संहिता (1860 का 45) की धारा 176 के अर्थ में ऐसा करने के लिए वैध रूप से बाध्य समझा जायेगा;

(iii) वायुयान के संघटक भागों और उन सब वस्तुओं को जो वायुयान पर लाई जा रही थी उस सीमा तक देख सकेगा और परख सकेगा या दिखलवा और परखवा सकेगा जहां तक आवश्यक हो;

(iv) शव परीक्षाएं या ऐसे अन्य परीक्षण जो आवश्यक हों देख सकेगा और उनका संचालन कर सकेगा या उन का देखा जाना और संचालन कारित कर सकेगा;

(v) जांच के लिए आवश्यक परीक्षा और परीक्षण के संचालन में चिकित्सा-अधिकारी या किसी समरूप अभिकरण की सहायता की अपेक्षा कर सकेगा;

(vi) दुर्घटना के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति के कार्यों के अन्वेषण के बारे में पुलिस प्राधिकारियों या आपराधिक अन्वेषण विभाग या अन्वेषण करने वाले किसी अभिकरण की सहायता की अपेक्षा कर सकेगा;

(vii) यह अपेक्षा कर सकेगा कि दुर्घटना में शामिल वायुयान या वायुयान के किसी भाग या वायुयान पर की वस्तुओं का परीक्षण किया जाये और उन्हें न्यायालय के अनुदेश के अधीन हटाने की सिवाय हटाया न जाये ।

(घ) असेसरों के पास प्रवेश और निरीक्षण की वही शक्तियां होंगी जो खण्ड (ग) के अधीन न्यायालय की हैं;

(ङ) केन्द्रीय सरकार, यदि आवश्यक हो तो न्यायालय की सहायता करने के लिए और न्यपदेशन करने के लिए या साक्षियों की परीक्षा लेने के लिए महान्यायवादी या कोई अन्य सरकारी अभिवक्ता नियुक्त कर सकेगी, यदि लोकहित ऐसे में सा करना समीचीन प्रतीत हो;

(च) जांच ऐसी रीति में की जायेगी कि यदि दोषारोप किसी व्यक्ति या संगठन पर लगाया जाता है या लगाये जाने की संभावना है तो न्यायालय उस व्यक्ति या संगठन को इस बात की सूचना कि यह दोषारोप उस व्यक्ति पर या उस संगठन पर लगाया जा सकता है उस दशा के सिवाय देगा जिसमें वह अपने द्वारा अभिलिखित किये जाने वाले कारणों के आधार पर यह समझता है कि सूचना देना साध्य नहीं है और ऐसा होने पर उस व्यक्ति या संगठन को प्रभावी ढंग से कोई भी कथन करने या कोई साक्ष्य देने या साक्षी के पेश करने का युक्तियुक्त अवसर दिया जा सकेगा ।

(छ) न्यायालय के समक्ष साक्षी के रूप में हाजिर होने वाले प्रत्येक व्यक्ति का ऐसे खर्चे अनुज्ञात किये जाएंगे जैसे कि न्यायालय युक्तियुक्त समझे :

परन्तु यह कि दुर्घटना में शामिल वायुयान के स्वामी या उसे भाड़े पर लेने वाले को या उसके नियोजन में के किसी व्यक्ति या दुर्घटना से सम्बद्ध किसी अन्य व्यक्ति की दशा में कोई ऐसा खर्च अननुज्ञात किया जा सकेगा यदि न्यायालय स्व-विवेकानुसार, ऐसा निदेश देता है;

(ज) न्यायालय केन्द्रीय सरकार को एक रिपोर्ट देगा जिसमें वह दुर्घटना के कारणों और उसकी परिस्थितियों के बारे में अपने निष्कर्ष कथित करेगा और जीवन के परिरक्षण और ऐसी ही दुर्घटनाएं भविष्य में न होने देने के विचार से ऐसी बातें बताएगा या सिफारिशें करेगा जैसा कि वह उचित समझे;

(झ) असेसर (यदि कोई हों) या तो रिपोर्ट पर आरक्षण सहित या बिना किसी आरक्षण के हस्ताक्षर करेंगे या उससे अपनी विसम्मति और ऐसी विसम्मति के लिए अपने कारण लिखित रूप से कथित करेंगे और वे कारण (यदि कोई हों) रिपोर्ट के साथ

केन्द्रीय सरकार को भेज दिये जाएंगे । केन्द्रीय सरकार किसी ऐसी रिपोर्ट और आरक्षणों या विसम्मति और कारणों का (यदि कोई हों) सम्पूर्णत: या उनके किसी भाग का सर्व सुलभ किया जाना ऐसी रीति मे कारित कर सकेगी जो कि वह उचित समझती है ।

(ब) केन्द्रीय सरकार, ऐसे किसी मामले में, जहां प्ररूपी जांच की जा चकी है या तो सामान्य रूप से या उसके किसी भाग के सम्बन्ध में न्यायालय द्वारा उसी जाच की फिर से सुनवाई का निदेश दे सकेगी और यदि नये और महत्वपूर्ण साक्ष्य को जो आरम्भिक जाच के समय पेश नही किया जा सकता था पता चला है तो ऐसा करेगी ।

76. **विदेशी राज्य में रजिस्ट्रीकृत वायुयान के साथ भारत के राज्य क्षेत्र में या उसके ऊपर घटित होने वाली दुर्घटना ।**

(1) (क) जब भारत से भिन्न किसी देश मे रजिस्ट्रीकृत वायुयान के साथ कोई दुर्घटना भारत के राज्य क्षेत्र में, या उसके ऊपर घटित होती है तब, महानिदेशक नियम 68 के उपनियम (2) के अनुसार दुर्घटना की सूचना कम से कम विलम्ब के साथ और सब से तीव्र गति वाले साधन से रजिस्ट्रीकरण कार्यालय वाले राज्य और उस राज्य को जिसमे वायुयान विनिर्मित हुआ था, भेजेगा ।

(ख) टरबाइन इंजन-सज्जित वायुयान की दशा मे सूचना मे यह विनिर्दिष्ट होगा कि क्या उस राज्य को जिसमें वायुयान विनिर्मित हुआ था, जाच मे भाग लेना चाहिए ।

**स्पष्टीकरण**.—इस नियम के प्रयोजनो के लिए, "राज्य जिसमे वायुयान विनिर्मित हुआ था" पद के अन्तर्गत वह राज्य या वे राज्य है जिनमे वायुयान या उसके मुख्य संघटक विनिर्मित हुआ था या हुए थे या वह राज्य है जिसने वह टाइप सब से पहले प्रमाणित किया ।

(2) महानिदेशक, भारसाधक अन्वेषक अभिहित करेगा और तुरन्त ही अन्वेषण आरम्भ कर देगा और भारसाधक अन्वेषक को वही शक्तियां होंगी जो जाच अधिकारी को नियम 72 के अधीन होती हैं ।

(3) प्रचालक के प्रतिनिधियों को अन्वेषण के समय उपस्थित रहने दिया जायेगा ताकि वे उसमें प्रभावशाली योगदान दे सके और ऐसे प्रतिनिधियों की हाजिरी की व्यवस्था रजिस्ट्रीकरण कार्यालय वाले राज्य के मारफत की जायेगी ।

(4) केन्द्रीय सरकार, दुर्घटना की परिस्थितियों की जाच संस्थित करेगी जब तक कि उसने ऐसी जाच का संपूर्ण संचालन या उसका कोई भाग, रजिस्ट्रीकरण कार्यालय वाले राज्य को प्रत्यायोजित करने का विनिश्चय न किया हो और किसी भी दशा में केन्द्रीय सरकार जांच को सुकर बनाने के लिए हर साधन का प्रयोग करेगी ।

(5) ऐसी जांच के अन्तर्गत जिसका आदेश इस नियम के अधीन दिया गया है, अन्वेषण और सब उपलभ्य सुसंगत जानकारी प्राप्त करना और अभिलिखित करना, साक्ष्य का विश्लेषण, यदि सम्भव हो तो दुर्घटना के कारण का अवधारण, रिपोर्ट का पूरा करना और जहां उचित हो सिफारिश करना है ।

(6) (क) रजिस्ट्रीकरण कार्यालय वाले राज्य को यह हक होगा कि वह जाच में एक प्रत्यायित प्रतिनिधि नियुक्त करे । वह राज्य जिस मे वायुयान विनिर्मित हुआ था, टरबाइन इंजन सज्जित वायुयान के साथ दुर्घटना की जाच में उपस्थित होने के लिए एक प्रत्यायित प्रतिनिधि नियुक्त करने का हकदार होगा जब तक कि दुर्घटना की आरम्भिक अधिसूचना में यह बात विनिर्दिष्ट रूप से न कही गई हो कि इसका भाग लेना अनावश्यक है ।

(ख) यदि जाच के साथ सुसंगत जानकारी संविदाकारी राज्य द्वारा, अनुरोध पर भेजी गई है तो वह राज्य भी एक प्रत्यायित प्रतिनिधि नियुक्त करने का हकदार होगा ।

(7) (क) यदि रजिस्ट्रीकरण कार्यालय वाले राज्य या उस राज्य से जिसमे वायुयान विनिर्मित हुआ था वह अनुरोध प्राप्त होता है कि वायुयान, उसकी अन्तर्वस्तुए और कोई अन्य साक्ष्य तब तक सुरक्षित अभिरक्षा मे और बिना किसी छेडछाड के पडा रहने दिया जाये जब तक कि यथास्थिति रजिस्ट्रीकरण कार्यालय वाले राज्य या उस राज्य के प्रत्यायित प्रतिनिधि द्वारा जिसमे वायुयान विनिर्मित हुआ था जाच न हो जाये तो केन्द्रीय सरकार, नियम 70 के उपबन्धो के पालन के अधीन, ऐसे अनुरोध की पूर्ति करने के लिए सब आवश्यक कदम वहा तक उठायेगी जहा तक कि ऐसा करना युक्तियुक्त रूप से साध्य हो तथा जाच के उचित सचालन के अनुरूप हो और उस दशा मे जहा वायुयान सेवा के लिए लौटाया जा सकता है ऐसा करने के परिणाम स्वरूप अनावश्यक विलम्ब न हो ।

(ख) ऐसी सुरक्षित अभिरक्षा के अन्तर्गत और अधिक नुकसान अप्राधिकृत व्यक्तियों की पहुच, छिटपुट चोरी और क्षय से युक्तियुक्त संरक्षण और किसी सारवान् साक्ष्य का, जो हटाया या मिटाया जा सकता हो या खो सकता हो या नष्ट किया जा सकता हो, फोटो लेकर रखे गये अभिलेख या अन्य पर्याप्त साधनों से परिरक्षण भी है ।

(8) (क) नियम 70 और उपनियम (7) के उपबन्धों के अनुपालन के अधीन रहते हुए वायुयान, उसकी अन्तर्वस्तुएं या उसके कोई भाग जिनकी और अधिक आवश्यकता जांच के प्रयोजन के लिए नहीं है, रजिस्ट्रीकरण कार्यालय वाले राज्य द्वारा सम्यक्तः अभिहित किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के लिए निर्मुक्त किये जा सकेंगे और इस प्रयोजन के लिए, वायुयान उसकी अन्तर्वस्तुओं या इसके किसी भाग तक पहुंचने की सुविधा ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों को दी जायेगी ।

(ख) यदि वायुयान, इसकी अन्तर्वस्तुएं या उसके भाग ऐसे क्षेत्र में हैं जहां इस प्रकार पहुंचने देना साध्य नहीं है तो केन्द्रीय सरकार उन्हें हटायेगी और ऐसे स्थान पर पहुंचायेगी जहां पहुंचा जा सकता हो ।

(9) (क) केन्द्रीय सरकार ऐसी दुर्घटना की कोई पश्चात्वर्ती अधिसूचना या सूचना जिसमें कोई परिवहन वायुयान शामिल है रजिस्ट्रीकरण कार्यालय वाले राज्य को, उस राज्य को जहां वायुयान का विनिर्माण हुआ था, उस राज्य को जो प्रत्यायित प्रतिनिधि नियुक्त करने का अन्यथा हकदार है और अन्तर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन को भेजेगी ।

(ख) जब सुरक्षा को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने वाले मामले अन्तर्लित हों तब अधिसूचना या सूचना जानकारी मिलते ही और सब से तीव्र गति वाले साधन से भेजी जायेगी और अन्य दशाओं में अधिसूचना या सूचना हवाई-डाक से भेजी जायेगी ।

(ग) उपरोक्त खण्ड (क) और (ख) में निर्दिष्ट अधिसूचना या सूचना में निम्नलिखित अतिरिक्त विशिष्टियां भी दी जायेंगी :—

(i) दुर्घटना-क्षेत्र की प्राकृतिक विशेषताएं;

(ii) अन्वेषण की प्रगति जिसके अन्तर्गत यह भी है कि क्या किन्हीं महत्वपूर्ण तथ्यों के आधार मिले हैं;

(iii) पूर्वावधानी की दृष्टि से की जाने वाली कार्रवाई जो की जा चुकी है या जिसके किये जाने का विचार है;

(iv) इस बात का संकेत कि उस राज्य का भाग लेना जिसमें वायुयान विनिर्मित हुआ है आवश्यक है या नहीं ।

(10) (क) उस राज्य के जिसमें वायुयान विनिर्मित हुआ था या रजिस्ट्रीकरण कार्यालय वाले राज्य के प्रत्यायित प्रतिनिधि को जांच में भाग लेने की अनुज्ञा दी जायेगी ।

(ख) प्रत्यायिक प्रतिनिधि नियुक्त करने का हकदार राज्य इस बात का भी हकदार होगा कि वह, जांच में ऐसे प्रतिनिधि की सहायता करने के लिए सलाहकार नियुक्त करे और ऐसा या ऐसे सलाहकार या वे सलाहकार प्रत्यायित प्रतिनिधि के पर्यवेक्षण में जांच में भाग ले सकता है या सकते हैं ताकि उसका भाग लेना प्रभावशाली हो जाये ।

(11) जांच में भाग लेना निम्नलिखित का हक प्रदान करेगा;

(क) दुर्घटना स्थल पर जाना ;

(ख) ध्वंश का परीक्षा करना ;

(ग) साक्षियों से प्रश्न करना ;

(घ) सब सुसंगत साक्ष्य पूरी तरह से उसकी पहुंच के अन्दर हो;

(ङ) अन्वेषण से संबंधित सभी संगत दस्तावेजों की प्रति लिपियां उसको दी जाएं; और

(च) जांच की रिपोर्ट के बारे में निवेदन करना;

परन्तु रजिस्ट्रीकरण वाले राज्य तथा उस राज्य से भिन्न, जिस में वायुयान विनिर्मित हुआ था, किसी राज्य के प्रत्यायित प्रतिनिधियों का भाग लेना और सलाहकारों की सहायता उन विषयों तक सीमित की जा सकेगा जिनके कारण ऐसा राज्य भाग लेने का हकदार है ।

(12) केन्द्रीय सरकार यदि आवश्यक समझा जाए तो रिपोर्ट की एक प्रति जिसमें जांच के निष्कर्ष या उन का एक भाग उस सुसंगत जानकारी के साथ दिया गया हो जिस पर निष्कर्षों का आधार है प्रकाशन से पूर्व रजिस्ट्रीकरण के कार्यालय वाले राज्य, उस राज्य को जिसमें वाययान विनिर्मित हुआ था तथा किसी अन्य राज्य को जिसने जांच से सुसंगत सूचना दी हो, भेजेगा ।

(13) केन्द्रीय सरकार ऐसी दुर्घटना की, जिसमें वाणिज्यिक वायु परिवहन संक्रियाओं में लगा वायुयान शामिल है, या ऐसी दुर्घटना की, जिससे विमानन सुरक्षा की प्रोन्नति में योगदान करने वाली जानकारी मिल सकती है, रिपोर्ट के संक्षेप की तीन प्रतियां अन्तरीष्ट्रीय नागर विमानन संगठन को भेजेगी ।

**76क. भारत में रजिस्ट्रीकृत या विनिर्मित वायुयान के साथ विदेशी राज्य के राज्य क्षेत्र में या उसके ऊपर घटित होने वाली दुर्घटना**— (1) विदेश से यह प्रारम्भिक अधिसूचना प्राप्त

होने पर कि भारत में रजिस्ट्रीकृत वायुयान दुर्घटना ग्रस्त हो गया है केन्द्रीय सरकार, दुर्घटना ग्रस्त वायुयान तथा उड़ान कर्मीदल के बारे में पास अपने उपलभ्य जानकारी यथा संभव शीघ्र, उस राज्य को भेजेगी जिस में दुर्घटना घटित हुई है।

(2) यदि ऐसी दुर्घटना के बारे में जिनका संबंध भारत में विनिर्मित वायुयान से है विदेश से प्राप्त प्रारम्भिक सूचना में इस बात का कोई संकेत नहीं है कि इसका भाग लेना आवश्यक है तो केन्द्रीय सरकार उस राज्य को जिस में दुर्घटना घटित हुई है यह इत्तिला देगी कि क्या उसका आशय यह है कि जांच में उसका अपना प्रतिनिधित्व हो और यदि हां तो वह एक प्रत्यायित प्रतिनिधि नियुक्त करेगी।

(3) जब जांच करने वाला राज्य ऐसी दुर्घटना की दशा में जो भारत में विनिर्मित वायुयान के साथ हुई है ऐसा निवेदन करता है तब केन्द्रीय सरकार प्रत्यायित प्रतिनिधि को उपस्थित रहने और जांच में भाग लेने का निदेश देगी जब तक कि एक ऐसा करना असाध्य न हो।

(4) केन्द्रीय सरकार किसी भी समय जबकि दुर्घटना स्थल के बारे में पक्की तरह से यह न कहा जा सके वह अन्य राज्य के राज्य क्षेत्र में है ऐसी दुर्घटना के बारे में, जिसमें भारत के रजिस्ट्रीकृत वायुयान फंसा है, जांच का आदेश देगी।

(5) (क) जब ऐसी दुर्घटना, जिसमें भारत में रजिस्ट्रीकृत वायुयान फंसा है, उस राज्य के राज्य क्षेत्र में घटित होता है जो संविदाकारी राज्य नहीं है तब केन्द्रीय सरकार उस राज्य के सहयोग से जिसमें दुर्घटना घटित हुई है जांच का आदेश देगी, किन्तु यदि ऐसा सहयोग न मिले तो ऐसी जानकारी के आधार पर जो उपलभ्य है स्वयं ही जांच का आदेश देगी।

(ख) ऐसी जांच के अन्तर्गत जिस का आदेश इस नियम के अधीन दिया गया है अन्वेषण, और सब उपलभ्य सुसंगत जानकारी को प्राप्त करना और अभिलिखित करना, साक्ष्य का विश्लेषण, यदि सम्भव हो, तो, कारण का विनिश्चय, रिपोर्ट का पूरा करना और जहां उचित हो सिफारिश करना है।

76 ख. **विदेशी राज्य में रजिस्ट्रीकृत वायुयान के साथ दुर्घटना जो भारत से भिन्न सा देश के राज्य क्षेत्र में या उसके ऊपर घटित हुई हो**— ऐसे वायुयान के साथ जो भारत में या उस के ऊपर उड़ान भरने में लगा हुआ था, हुई दुर्घटना की जांच के मामले में, यदि जांच का संचालन करने वाले राज्य से निवेदन प्राप्त होता है तो केन्द्रीय सरकार उस राज्य को वह सब सुसंगत जानकारी देगा जो उसके पास उपलभ्य है और ऐसे मामले में वह प्रत्यायित प्रतिनिधि नियुक्त करने का हकदार होगा

76. ग. **कार्यवाहियों में बाधा** (1) कोई भी व्यक्ति ऐसी किन्हीं शक्तियों या कर्तव्यों का प्रयोग करते हुए जो इस भाग में नियमों के अधीन अधिरोपित है काम करने वाले न्यायालय या जांच समिति के सदस्य या जांच अधिकारी या आफिसर या किसी व्यक्ति द्वारा उसके ऐसे कर्तव्यों के पालन को न तो बाधित करेगा और न उसमें अड़चन डालेगा।

(2) कोई भी व्यक्ति अन्वेषण या जांच करने वाला न्यायालय या जांच समिति या जांच अधिकारी द्वारा उन नियमों के अधीन निकाले गए समन या अध्यपेक्षा का पालन करने में, बिना किसी उचित कारण के (जिस के साबित करने का भार उस पर होगा) चूक नहीं करेगा।

(3) कोई भी व्यक्ति जब जांच अधिकारी या जांच समिति या जांच न्यायालय के सामने साक्ष्य देने के लिए बुलाया गया हो ऐसी जानकारी नहीं देगा जो मिथ्या है या जिस के मिथ्या होने का उसे ज्ञान है या विश्वास है या जिसके सच होने का उसे विश्वास नहीं है।

7. उक्त नियमों के नियम 77—क के स्थान पर निम्नलिखित नियम प्रतिस्थापित किया जाएगा; अर्थात् :—

"77. **व्यावृत्ति**—इस भाग में की किसी बात से, केन्द्रीय सरकार की शक्ति, जो उस व्यक्ति को जिसने इस भाग में किसी नियम के उपबन्धों का अतिक्रमण किया है, इन नियमों के अधीन दी गई किसी अनुज्ञप्ति या दिए गए प्रमाणपत्र को, किसी अन्य कार्रवाई पर जो उस के द्वारा की जाए प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, रद्द, निलम्बित या पृष्ठांकित कर सकने के, सीमित नहीं होगा।

उक्त नियमों की अनुसूची 6 में, पहले और दूसरे स्तम्भ में क्रमशः "अपराध की प्रकृति" और "सुसंगत नियम" शीर्षकों के नीचे—

(क) मद "17" से सम्बद्ध प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टियां प्रतिस्थापित की जायेंगी, अर्थात् :—

"वायुयान दुर्घटना जांच/नियम जो वायुयान नियम, वायुयान दुर्घटना जांच सं० 1937 के भाग 10 में बंधा किन्हीं नियमों का उल्लंघन है।"

(ख) मद "18 से सम्बद्ध प्रविष्टियां छोड़ दी जायेंगी

[सं० का० 10—ए/०43—67]

सुरेन्द्र नाथ कौल,
उप सचिव, भारत सरकार।

## DEPARTMENT OF COMPANY AFFAIRS

*New Delhi, the 8th February 1972*

**G.S.R. 347.**—In exercise of the powers conferred by Section 624A of the Companies Act, 1956 (1 of 1956) the Central Government hereby appoints Shri R. Vittal as Company Prosecutor for the conduct of prosecutions arising out of the said Act in all courts of the State of Tamil Nadu, other than the High Court in that State.

[No. F. 46/4/72-CL. II.]

K. M. SHARMA, Under Secy.

## कम्पनी कार्य

नई दिल्ली, 8 फरवरी 1972

सा० का० नि० 317—कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 624क द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार ने एतद्द्वारा श्री० आर० विट्ठल को कथित अधिनियम से उत्पन अभियोजन के तमिल नाडु राज्य के समस्त न्यायालयों में केवल उच्च न्यायालय को छोड़ कर संचालन हेतु कम्पनी अभियोजक नियुक्त किया है ।

[संख्या फा० 46/4/72—सी एल० II]

का० म० शर्मा, अवर सचिव ।

## MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING

*New Delhi, the 31st January 1972*

**G.S.R. 348.**—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Photo Division (Class III and Class IV posts) Recruitment Rules, 1962, namely:—

1. (1) These rules may be called the Photo Division (Class III and Class IV posts) Recruitment Amendment Rules, 1971.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Schedule to the Photo Division (Class III and Class IV posts) Recruitment Rules, 1962, against Serial No. 12 relating to the post of "Lower Division Clerk" in column 5, after the existing entry, the following shall be inserted, namely:—

"10 per cent of the vacancies in the grade of Lower Division Clerks shall be reserved for being filled up by Class IV employees (borne on regular establishment of the Photo Division, Ministry of Information and Broadcasting) having at least 5 years service in that grade Selection would be made through a departmental examination confined to such Class IV employees who fulfil the requirement of minimum educational qualifications, namely, Matriculation or equivalent. The maximum age limit for the examination would be 45 years (50 years for Scheduled Castes or Scheduled Tribes candidates). The maximum number of recruits by this method would be limited to 10 per cent of the vacancies in the cadre of Lower Division Clerks occurring in a year; unfilled vacancies would not be carried over to the next year."

[No. A-12027/1/70-Estt/DS(I)/362.]

S. PADMANABHAN, Dy. Secy.

## MINISTRY OF LAW AND JUSTICE

**(Department of Legal Affairs)**

**(Judicial Section)**

*New Delhi, the 16th February 1972*

**G.S.R. 349.**—In exercise of the powers conferred by rules 1 and 2 of Order XXVII of the First Scheduled to the Code of Civil Procedure, 1908 (5 of 1908), the Central Government is pleased to authorise the Embarkation Commandant Madras, to verify plaints and written statements in the suits instituted on or after, the 17th June, 1970 in the court in Madras city against the Union of India and to act on behalf of Government of India in all matters connected with the said suits.

[No. F. 16(1)/72-J.]

## विधि और न्याय मंत्रालय

(विधि कार्य विभाग)

(न्याय अनुभाग)

नई दिल्ली, 16 फरवरी, 1972

**जी० एस० आर० 349.**— सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) की प्रथम अनुसूची के आदेश XXVII के नियम 1 और 2 द्वारा प्रदत्त शक्तियो का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार अपने प्रसाद से एम्बार्केशन कमाण्डेन्ट, मद्रास को, भारत के संघ के विरुद्ध मद्रास शहर में, 17 जून, 1970 को या उसके पश्चात न्यायालय में संस्थित वादों, में वाद-पत्रों और लिखित कथनों को सत्यापित करने और उक्त वादों से संबंधित सभी मामलों में भारत सरकार की ओर से कार्य करने के लिए, प्राधिकृत करती है ।

[सं० फा० 16 (1)/72-न्या०]

*New Delhi, the 18th February 1972*

**G.S.R. 350.**—In exercise of the powers conferred by rule 1 of Order XXVII of the First Schedule to the Code of Civil Procedure, 1908 (5 of 1908), the Central Government hereby makes the following further amendments in the notification of the Government of India in the Ministry of Law No. S.R.O. 351, dated the 25th January, 1958, relating to the signing and verification of plaints and written statements in suits in any court of civil jurisdiction by or against the Central Government, namely:—

In the Schedule to the said notification under the heading "X-Ministry of Food & Agriculture",

(i) under the sub-heading "Department of Agriculture" after the entry "Law Officers (Fertilizers)" the following entry shall be inserted, namely:—

"Deputy Conservator of Forests Andaman and Nicobar Islands Forest Department Calcutta.";

(ii) under the sub-heading "Department of Food"—

(a) the entry "Director, National Sugar Institute" shall be omitted;

(b) after the existing entry "Senior Administrative Officer" the following entries shall be inserted, namely:—

"Director, Sugar Institute, Kanpur.

Assistant Director (Survey and Information), National Sugar Institute, Kanpur.

Senior Administrative Officer, National Sugar Institute, Kanpur."

[No. F. 16(1)/72-Judl.]
S. K. BAHADUR,
Dy Legal Adviser

नई दिल्ली, 18 फरवरी 1972

सा० का० नि० 350.—सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) की प्रथम अनुसूची के आदेश XXVII के नियम 1 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, केन्द्रीय सरकार द्वारा या उसके विरुद्ध सिविल अधिकारिता वाले किसी न्यायालय में, वादों में वादपत्रों और लिखित कथनों पर हस्ताक्षर करने और उन्हें सत्यापित करने से सम्बन्धित, भारत सरकार के विधि मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का० नि० आ० 351, तारीख 25 जनवर, 1958 में निम्नलिखित और आगे संशोधन एतद्द्वारा करती है, अर्थात :—

उक्त अधिसूचना की अनुसूची में, "X—खाद्य और कृषि मंत्रालय" शीर्ष के नीचे :

(i) "विधि अधिकारी (उर्वरक)" की प्रविष्टि के पश्चात 'कृषि विभाग' उपशीर्ष के नीचे निम्नलिखित प्रविष्टि अन्तःस्थापित की जाएगी, अर्थात् :—

"उप-वनसंरक्षक, अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह, वन विभाग, कलकत्ता।"

(ii) 'खाद्य विभाग' उपशीर्ष के नीचे—

(क) 'निदेशक, राष्ट्रीय शर्करा संस्थान' प्रविष्टि लुप्त की जाएगी.

(ख) 'ज्येष्ठ प्रशासनिक अधिकारी' की विद्यमान प्रविष्टि के पश्चात्, निम्नलिखित प्रविष्टियां अन्तःस्थापित की जाएंगी, अर्थात् :—

'निदेशक, शर्करा संस्थान, कानपुर।

सहायक निदेशक (सर्वेक्षण और सूचना), राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर।

ज्येष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर।"

[सं० फा० 16(1)/72-न्या०]

एस० के० बहादुर,
उप-विधि सलाहकार।

---

**(Department of Legal Affairs)**

*New Delhi, the 18th February 1972*

**G.S.R. 351.**—In exercise of the powers conferred by section 3 of the Maintenance Orders Enforcement Act, 1921 (18 of 1921) and in supersession of the notification of the Government of India in the Ministry of Law No. S.R.O. 1869, dated the 27th August, 1955, the Central Government hereby declares that the said Act applies in respect of Malaysia.

[No. F. 10(4)/71-J.]
P. G. GOKHALE,
Joint Secy. & Legal Adviser.

(विधि कार्य विभाग)

(न्याय अनुभाग)

नई दिल्ली, 18 फरवरी, 1972

सा० का० नि० 351.—भरणपोषण आदेश प्रवर्तन अधिनियम, 1921 (1921 का 18) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारत सरकार के विधि मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का०नि०आ० 1869, तारीख 27 अगस्त, 1955 को अधिक्रान्त करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा यह घोषित करती है कि उक्त अधिनियम मलेशिया की बाबत लागू है।

[सं० फा० 10(4)/71-न्या०]
प० गं० गोखले,
संयुक्त सचिव और विधि सलाहकार।

---

**MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS**

*New Delhi, the 17th February 1972*

**G.S.R. 352.**—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Central Passport and Emigration Organisation (Initial Constitution and Maintenance) Rules, 1959, namely:—

1. (1) These rules may be called the Central Passport and Emigration Organisation (Initial Constitution and Maintenance) (Amendment) Rules, 1972.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Central Passport and Emigration Organisation (Initial Constitution and Maintenance) Rules, 1959, in rule 14A, for sub-rule (1), the following sub-rules shall be substituted, namely:—

"(1) The Senior Departmental Promotion Committee in respect of promotions to Grades I, II and III shall consist of:

(a) The Additional Secretary or a Joint Secretary in the Administration Division and two other Joint Secretaries in the Ministry of External Affairs;

(b) The Joint Secretary or Director in charge of Passport and Emigration work in the Ministry of External Affairs.

(1-A) The Senior Departmental Promotion Committee which considers promotions to class I posts in Grades I and II shall be presided over by a Member or the Chairman of the Union Public Service Commission"

[No. CP&EO/1/72]

K. S. SODHI, Under Secy. (PVA).

## विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली, 17 फरवरी, 1972

**जी० एस० आर० 352**:—संविधान के अनुच्छेद 309 के उपबन्धों द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, राष्ट्रपति, केन्द्रीय पासपोर्ट एवं उत्प्रवास संगठन (प्रारम्भिक गठन एवं अनुरक्षण) नियम, 1959 में संशोधन करने के लिये निम्नलिखित नियम और बनाते हैं, यथा :—

1. (1) इन नियमों को केन्द्रीय पासपोर्ट एवं उत्प्रवास संगठन (प्रारम्भिक गठन एवं अनुरक्षण) (संशोधन) नियम, 1972 कहा जाये।

(2) ये सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से लागू होंगे।

2. केन्द्रीय पासपोर्ट एवं उत्प्रवास संगठन (प्रारम्भिक गठन एवं अनुरक्षण) नियम, 1959 में, नियम 14-क में, उप-नियम (1) के स्थान पर, निम्नलिखित उप-नियम लिख दिये जायें, यथा :—

(1) वर्ग-एक, दो और तीन में पदोन्नति के लिये वरिष्ठ विभागीय पदोन्नति समिति में निम्नलिखित अधिकारी होंगे :—

(क) विदेश मंत्रालय के प्रशासन प्रभाग के अपर सचिव अथवा संयुक्त सचिव और दो अन्य संयुक्त सचिव ;

(ख) विदेश मंत्रालय में पासपोर्ट और उत्प्रवास कार्य के कार्यभारी संयुक्त सचिव अथवा निदेशक।

(1-क) वर्ग एक और दो में प्रथम श्रेणी के पदों पर पदोन्नति के लिये विचार करने वाली वरिष्ठ विभागीय पदोन्नति समिति की अध्यक्षता, संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष अथवा कोई सदस्य करेंगे।

[सं० सी पी एण्ड ओ/1/72]

कुलदीप सिंह सोढी, अवर सचिव।

---

## MINISTRY OF RAILWAYS

### (Railway Board)

*CORRIGENDUM*

*New Delhi, the 18th February 1972*

**G.S.R. 353.**—In para 2 of the Ministry of Railways (Railway Board) notification No. 71/E(GR)I/18/2(i) dated 14th July, 1971 published in Part II, Section 3, Sub-section (i) of the Gazette of India. The words "Indian Railways Personnel Branch, Assistant Personnel Officers (Class II)" shall be substituted for the words "Indian Railways Department of Stores, Assistant Controller of Stores (Class II)".

[No. 71/E(GR)I/21/1.]

V. P. SAWHNEY, Secy.

---

### (Railway Board)

*New Delhi, the 22nd February 1972*

**G.S.R. 354.**—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the gazetted posts of (i) Principal/Intermediate Colleges (ii) Principal or Head Master or Head Mistress of Higher Secondary or Multipurpose Schools and (iii) Principal or Head Master or Head Mistress of High Schools, on the Indian Railways, namely:—

1. **Short title and commencement.**—(1) These rules may be called the Indian Railways Intermediate College or Higher Secondary School or Higher Secondary Multipurpose School or High School (Principal or Head Master or Head Mistress) Recruitment Rules, 1972.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the official gazette.

2. **Number of posts, classification and scales of pay.**—The number of posts, their classification and the scales of pay attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the Schedule annexed to these rules.

3. **Method of Recruitment, age limit, qualifications etc.**—The method of recruitment to the said posts, age limit, qualifications and other matters connected therewith shall be as specified in columns 5 to 13 of the said Schedule:—

Provided that the maximum age limit specified in column 6 of the said schedule may be relaxed in the case of candidates belonging to Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the general orders issued by the Central Government from time to time.

4. **Disqualification.**—(1) No person,—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said posts:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. **Power to relax.**—Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. **Saving.**—Nothing in these rules shall affect reservations and other concessions required to be provided for Schedule Castes and Schedule Tribes and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

THE SCHEDULE

| Name of the post | No. of posts | Classification | Scale of pay | Whether selection post or non-selection post | Age limit for for direct recruits. | Educational and other qualifications required for direct recruits. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. Principal Intermediate Colleges. | 3 | Railway Service Class I. | Rs. 700—40—980 —EB—40— 1100. | Selection | 45 years. (Relaxable for Government Servants). | *Essential* :— (*i*) Second class Master's degree from a recognised University or equivalent. (*ii*) Degree in teaching Education from a recognised University or equivalent. (*iii*) About 5 years' experience of administrative charge of a recognised Higher Secondary School or Intermediate College including 2 years, teaching-experience. (Qualifications relaxable at Commission's discretion in case of candidates otherwise qualified). *Desirable.* (*i*) A Doctorate degree. (*ii*) Public School Experience. |
| 2. Principal/Head Master/Head Mistress of High/ Higher Secondary Maltipurpose Schools. | 21 | | | | | |
| 3. Principal or Head Master or Head Mistress of High School. | 25 | Railway Service Class II. | Rs. 400—30—640 —EB—40— 800. | Do. | 40 Years. (Relaxable for Government Servants) | *Essential* :— (*i*) Second Class Masters' degree from a recognised University or equivalent. (*ii*) Degree in teaching education from a recognised University or equivalent. (*iii*) About 5 years' experience of Administrative charge of a recognised High School or Educational Institute including 2 years, teaching experience. (Qualifications relaxable at Commission's discretion in case of candidates otherwise well qualified,) *Desirable.* Public School Experience. |

| Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees. | Period of probation if any | Method of recruitment whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/transfer and percentage of the vacancies to be filled by various methods. | In case of recruitment by promotion/Deputation/transfer grades from which promotion/Deputation/transfer to be made | If a DPC exists what is its composition. | Circumstances in which U.P.S.C. is to be consulted in making recruitment. |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| Age: No Qualifications: Yes. | 2 years | By promotion failing which by direct recruitment. | *Promotion.* Principal or Head Master or Head Mistress of High Schools with 7 years. service in the grade rendered after appointment thereto on a regular basis. | Class I Departmental promotion Committee. | As required under the Union Publice Service Commission (Exemption consultation) Regulations, 1958. tions'1 |
| No. | Do. | Do. | *Promotion.* Permanent teaching staff working as Teachers Grade I or Lecturers (Rs. 300—600) with 3 years. service in the grade rendered after appointment thereto on a regular basis. | Class II Departmental Promotion Committee. | Do. |

[No. E(GR)I-39RR11.]

H. F. PINTO, Secy.,

## रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)

नई दिल्ली, 22 फरवरी 1972

**जी० एस० आर० 354.**—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति, एतद्द्वारा सभी भारतीय रेलों के (i) माध्यमिक महाविद्यालयों अथवा प्रिन्सिपलो, (ii) उच्चतर माध्यमिक अथवा बहुउद्देश्यीय विद्यालयों के प्रिंसिपलों अथवा मुख्य अध्यापको अथवा मुख्य अध्यापिकाओं और (iii) हाई स्कूलों के प्रिंसिपलों अथवा मख्य अध्यापकों अथवा मुख्य अध्यापिकाओं के राजपत्रित पदों पर भर्ती की विधि के विनियमन के लिए, निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. लघु शीर्षक और प्रारम्भ — (1) ये नियम भारतीय रेल माध्यमक महाविद्यालय अथवा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अथवा उच्चतर माध्यमिक बहुउद्देश्यीय विद्यालय अथवा हाई स्कल (प्रिंसिपल अथवा मुख्य अध्यापक अथवा मुख्य अध्यापिका) भर्ती नियम, 1972 कहे जा सकेंगे ।

(2) ये नियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से लागू होंगे ।

2. पदों की संख्या वर्गीकरण और वेतनमान — पदो की संख्या, उनका वर्गीकरण और उनसे सम्बद्ध वेतनमान वही होंगे जो इससे अनुबद्ध अनुसूची के कालम 2 से 4 में विनिर्दिष्ट हैं ।

3. भर्ती की विधि आयु सीमा अर्हतायें आदि : — उक्त पद पर भर्ती की विधि, आयु-सीमा अर्हताएं और उनसे सम्बन्धित अन्य बातें वही होंगी जो पूर्वोक्त अनुसूची के कालम 5 से 13 में विनिर्दिष्ट हैं ।

परन्तु उक्त अनुसूची के कालम 6 में विनिर्दिष्ट अधिकतम आयुसीमा में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित आदिम जातियों और केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किये गये सामान्य आदेशों के अनुसार व्यक्तियों के विशेष कोटियों से सम्बन्धित उम्मीदवारों के मामलों में छूट दी जा सकती है ।

4. अनर्हताएं (1) ऐसा व्यक्ति—

(क) जिसने किसी ऐसे व्यक्ति जिसका/जिसकी पति/पत्नी जीवित है, से विवाह किया है या विवाह करने की संविदा की है, अथवा

(ख) जिसने एक पत्नी/पति के जीवित रहते हुए किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो अथवा विवाह करने की संविदा की हो,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र न होगा। परन्तु केन्द्रीय सरकार यदि इस बात से सन्तुष्ट हो कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्ष पर लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के अन्य आधार मौजूद हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकती है।

5. शिथिल करने की शक्ति : जहां केन्द्रीय सरकार की राय में ऐसा करना अपेक्षित अथवा समीचीन है तो वह लिखित कारण देते हुए और संघ लोक सेवा आयोग परामर्श से करके, आदेश निकाल कर किसी भी वर्ग या व्यक्ति समुदाय के सम्बन्ध में इन नियमों के उपबन्धों को शिथिल कर सकती है।

6. अपवाद :- इन नियमों का असर अनुसूचित जातियों और आदिमजातियों और केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार व्यक्तियों के विशेष कोटियों से सम्बन्धित अभ्यर्थियों के आरक्षण और रियायत पर कुछ नहीं पड़ेगा।

अनुसूची

| पद का नाम | पदों की संख्या | वर्गीकरण | वेतन मान | प्रवरण पद है या अप्रवरण पद | सीधी भर्ती वालों के लिए आयुसीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. प्रिंसिपल माध्यमिक महाविद्यालय | 3 | रेल सेवा प्रथम श्रेणी | रू० 700-40-980-द० रो०-40-1100 | प्रवरण | 45 वर्ष (सरकारी कर्मचारियों के लिए छूट) |
| 2. उच्चतर माध्यमिक बहूद्देश्यीय स्कूलों के लिए प्रिंसिपल प्रधान/प्रधान अध्यापक | 21 | | | | |

| सीधी भर्ती वालों के लिए अपेक्षित शैक्षणिक और अन्य अर्हताएं | क्या सीधी भर्ती वालों के लिए विहित आयु और अर्हताएं पदोन्नत व्यक्तियों के मामलों में भी लागू होगी | परिवीक्षा काल यदि कोई हो |
|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 |
| अनिवार्य :<br>(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर डिग्री अथवा उसके समकक्ष<br>(ii) किसी मान्यताप्राप्त विश्व विद्यालय से अध्यापन/शिक्षा में डिग्री अथवा उसके समकक्ष<br>(iii) किसी मान्ता प्राप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अथवा माध्यमिक महाविद्यालय के प्रशासकीय कार्य भार का लगभग 5 वर्ष का अनुभव, जिसमें 2 वर्ष का अध्यापन अनुभव भी शामिल ।<br>(अन्यथा योग्य उम्मीदवारों के नाम में आयोग स्वविवेक से अर्हता में छूट दे सकता है)<br><br>वांछनीय :<br>(i) आचार्य की डिग्री<br>(ii) पब्लिक स्कूल का अनुभव | आयु—नहीं<br>अर्हताए—हां | 2 वर्ष |

| भर्ती की विधि, सीधी भर्ती या पदोन्नति/ प्रतिनियुक्ति/ स्थानान्तरण द्वारा तथा विभिन्न विधियों से भरे जाने वाले रिक्तों पदों का प्रतिशत | पदोन्नति /प्रति नियुक्ति /स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की स्थिति में पदक्रम जिनमें से पदोन्नति/ प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण किया जाना है | यदि विभागीय पदोन्नति समिति हो तो उसका गठन | परिस्थितियां जिनमे भर्ती के सम्बन्ध में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श लिया जायेगा |
|---|---|---|---|
| 10 | 11 | 12 | 13 |
| पदोन्नति द्वारा, जिसके अभाव में सीधी भर्ती द्वारा | पदोन्नति :<br>हाई स्कूल के प्रिंसिपल अथवा प्रधान अध्यापक अथवा प्रधान अध्यापिकाएं जिन्होंने नियमित आधार पर अपनी नियुक्ति के बाद, इस पदक्रम में 7 वर्ष की सेवा पूरी करली हो | विभागीय पदोन्नति समिति प्रथम श्रेणी | संघ लोक सेवा आयोग (परामर्श से छूट) विनियम, 1958 के अन्तर्गत यथापेक्षित |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|
| 3. हाई स्कूल के प्रिंसिपल अथवा प्रधान अध्यापक अथवा प्रधान अध्यापिका | 25 | रेल सेवा द्वितीय श्रेणी | 400–30–640–द० रो० 40–800 | प्रवरण | 40 वर्ष (सरकारी कर्मचारियों के लिए छूट) |

| 7 | 8 | 9 |
|---|---|---|
| अनिवार्य :<br>(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर डिग्री अथवा उसके समकक्ष ।<br>(ii) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अध्यापन / शिक्षा में डिग्री अथवा उसके समकक्ष ।<br>(iii) किसी मान्यता प्राप्त हाई स्कूल अथवा शक्षणिक संस्थान के प्रशासकीय कार्य-भार का 3 वर्ष का अनुभव, जिसमे 2 वर्ष का अध्यापन-अनुभव भी शामिल है ।<br>(अन्यथा योग्य उम्मीदवारों के मामले में आयोग स्वविवेक से अर्हताओं में छूट दे सकता है) | नहीं | दो वर्ष |
| वांछनीय :<br>पब्लिक स्कूल का अनुभव | | |

| 10 | 11 | 12 | 13 |
|---|---|---|---|
| | पदोन्नति :<br>स्थायी रूप से अध्यापन कार्यरत अध्यापक ग्रेड । अथवा प्राध्यापक (लेक्चरर), जिन्होंने 300–600 रु० के पदक्रम में नियमित आधार पर अपनी नियुक्ति के बाद 3 वर्ष की लगातार सेवा पूरी कर ली हो । | द्वितीय श्रेणी | |

[सं० ई (जी आर) 1–69 आर आर–II]

एच० एफ० पिन्टों, सचिव ।

## MINISTRY OF FOREIGN TRADE

*New Delhi, the 25th January 1972*

**G.S.R. 355.**—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Development Commissioner, Kandla Free Trade Zone Administration, Gandhidham (Kandla), in the Ministry of Foreign Trade, namely:—

1. **Short title and Commencement.**—(1) These rules may be called the Ministry of Foreign Trade, Kandla Free Trade Zone Administration (Development Commissioner) Recruitment Rules, 1972.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Application.**—These rules shall apply to the post specified in column (1) of the Schedule annexed hereto.

3. **Number, classification and scale of pay.**—The number of the said post, its classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the said Schedule.

4. **Method of recruitment, age limit, and other qualifications.**—The method of recruitment, age limit, qualifications and other matters relating to the said post shall be as specified in columns (5) to (13) of the Schedule aforesaid.

5. **Disqualification.**—No person,—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

6. **Power to relax.**—Where the Central Government is of opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing, and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

7. **Saving.**—Nothing in these rules shall affect reservation and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes and other categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

*Recruitment Rules for the post of Development Commissioner, Kandla Free Trade Zone Administration, Gandhidham (Kandla) in the Ministry of Foreign Trade*

| Name of the Post | No. of Posts | Classification | Scale of Pay | Whether Selection Post or non-Selection Post | Age limit for direct recruits | Educational and other qualifications required for direct recruits. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| Development Commissioner | 1 (One) | General Central Service, Class I Gazetted | Rs. 1800—100—2000—125—2250 | Not applicable | Not applicable | Not applicable |

| Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of Promottees | Period of probation, if any | Method of recruitment, whether by direct rectt. or by promotion or by deputation/transfer & percentage of the vacancies to be filled by various methods | In the case of rectt. by promotion/deputation/transfer, grades from which promotion/deputation/transfer to be made | If a D.P.C. exists, what is its composition | Circumstances in which U.P.S.C. is to be consulted in making rectt. |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| Not applicable | Not applicable | Transfer on deputation | *Transfer on Deputation* :<br>Officers of the Indian Administrative Service and Central Services. Class I, eligible to hold the post of Director at the Centre.<br>(Period of deputation ordinarily not exceeding 5 years) | Not applicable | As required under the Union Public Service Commission (Exemption from Consultation) Regulations, 1958. |

[No. F. A/12018/4/71-E. I. (KFTZ)]

L. S. RASTOGI, Under Secy.

## विदेश व्यापार मंत्रालय

नई दिल्ली, 25 जनवरी, 1972

**सा० का० नि० 355.**—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, विदेश व्यापार मंत्रालय के कांडला निर्बाध व्यापार क्षेत्र प्रशासन, गांधीधाम (कांडला) में विकास आयुक्त के पद पर भर्ती की पद्धति को विनियमित करने वाले निम्नलिखित नियम एतद्द्वारा बनाते हैं, अर्थात् :—

1. **संक्षिप्त नाम और आरम्भ** :—(1) इन नियमों का नाम विदेश व्यापार मंत्रालय, कांडला निर्बाध व्यापार क्षेत्र प्रशासन (विकास आयुक्त) भर्ती नियम, 1972 होगा ।

(2) ये शासकीय राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत होंगे ।

2. **लागू होना** :—ये नियम इसके साथ अनुबद्ध अनुसूची में स्तम्भ 1 में विनिर्दिष्ट पद पर भर्ती करने के लिए लागू होंगे ।

3. **पद संख्या, वर्गीकरण, तथा वेतनमान**—उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और उसका वेतनमान वे होंगे जो उक्त अनुसूची के स्तम्भ 2 से 4 तक में विनिर्दिष्ट हैं ।

4. **भर्ती की पद्धति, आयु सीमा तथा अन्य बातें** :—उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं और उससे सम्बन्धित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तम्भ 5 से 13 तक में विनिर्दिष्ट हैं ।

5. अनर्हताएं:—वह व्यक्ति—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा;

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का समाधान हो जाए कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुमत है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार मौजूद हों तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी ।

6. शिथिल करने की शक्ति:—जहां केन्द्रीय सरकार की राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है वहां वह, संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके, उन्हें लिपिबद्ध करके इन नियमों के किसी उपबन्ध को, किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी ।

7. व्यावृत्ति :—इन नियमों में कोई भी बात केन्द्रीय सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में समय समय पर जारी किये गये अनुदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन-जातियों तथा अन्य वर्गों के व्यक्तियों को दिये जाने वाले आवश्यक आरक्षण तथा अन्य रियायतों पर कुप्रभाव नहीं डालेगी ।

## अनुसूची

विदेश व्यापार मंत्रालय में विकास आयुक्त, कांडला निर्बाध व्यापार क्षेत्र प्रशासन, गांधीधाम (कांडला), के पद के लिए भर्ती नियम ।

| पद का नाम | पदों की संख्या | वर्गीकरण | वेतनमान | चयन पद अथवा अचयन पद | सीधे भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु | सीधे भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों के लिए शैक्षिक और अन्य अर्हताएं |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| विकास आयुक्त | 1 (एक) | साधारण केन्द्रीय सेवा वर्ग । राजपत्रित | 1800–100–2000–125–2250 रुपये । | लागू नहीं होता | लागू नही होता | लागू नहीं होता |

| सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नतियों की दशा में लागू होंगी या नहीं | परिवीक्षा की अवधि, यदि हो | भर्ती की पद्धति/ भर्ती सीधी होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/अंतरण द्वारा तथा पद्धतियो द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों का प्रतिशत | प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/ अन्तरण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रति-नियुक्ति/अंतरण किया जाएगा | यदि विभागीय समिति हो तो उसकी संरचना | भर्ती करने में किन-किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| लागू नही होता | लागू नही होता] | प्रतिनियुक्ति पर अन्तरण द्वारा | प्रतिनियुक्ति पर अन्तरण : भारतीय प्रशासन सेवा तथा केन्द्रीय सेवाएं श्रेणी । के अधिकारी जो केन्द्र में निदेशक के पद पर नियुक्ति के पात्र हैं। प्रति-नियुक्ति की अवधि साधारणत 5 वर्ष से अधिक नहीं होंगी । | लागू नही होता | संघ लोक सेवा आयोग (परामर्श से छूट). विनियमन, 1958 के अन्तर्गत अपेक्षित । |

[सं० फा० ए/12018/4/71-ई० 1 (के० एफ टी जैड)]

एल० एस० रस्तोगी, अवर सचिव ।

**MINISTRY OF LABOUR AND REHABILITATION**

**(Department of Rehabilitation)**

*New Delhi, the 16th November 1971*

G.S.R. 356.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President makes the following rules to amend the Rehabilitation Reclamation Organisation (Class III and Class IV posts) Recruitment Rules, 1969, namely:—

1. **Short title and commencement.**—(1) These rules may be called the Rehabilitation Reclamation Organisation (Class-III and Class IV posts) Recruitment (Amendment) Rules, 1971.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2 In the Rehabilitation Reclamation Organisation (Class-III and Class-IV posts) Recruitment Rules 1969 against serial No. 23 relating to the post of Junior Stenographer:—

(1) in column 6, for the existing entry, the entry "Not applicable" shall be substituted;

(2) in column 7, for the existing entry, the entry "18-24 years" shall be substituted;

(3) in column 11, for the existing entry, the entry "By selection through a test in a stenography and typewriting from amongst Lower Division Clerks/Upper Division Clerks of the Rehabilitation Reclamation Organisation who possess the qualifications prescribed in column 8, failing which by direct recruitment" shall be substituted;

(4) in column 12, for the existing entry, the entry "Not applicable" shall be substituted.

[No. 6(90)/70-RH.III.]

S. KASIPANDIAN, Under Secy.

**श्रम और पुनर्वास मंत्रालय**

**(पुनर्वास विभाग)**

नई दिल्ली, 16 नवम्बर, 1971

जी. एस. आर. 356.—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति जी इस के द्वारा भूमि उद्धार संगठन मे (श्रेणी III तथा श्रेणी IV के पदों पर) भर्ती के नियम 1969 को संशोधित करने के लिये निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :—(1) ये नियम भूमि उद्धार संगठन में (श्रेणी III तथा श्रेणी IV

के पदों पर) भर्ती (संशोधन) के नियम 1971 कहलाएंगे ।

(2) ये सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से लागू होंगे ।

पुनर्वास भूमि उदार संगठन मे (श्रेणी III तथा IV के पदों पर) भर्ती के नियम, 1969 में कनिष्ठ आशुलिपिक के पद से संबंधित क्रम संख्या 23 के सामने :—

(1) कालम 6 में वर्तमान इंदराज के स्थान पर इंदराज लागू नहीं होता लिखा जाएगा ।

(2) कालम 7 में वर्तमान इंदराज के स्थान पर इंदराज "18–24 वर्ष" लिखा जाएगा ।

(3) कालम 11 में वर्तमान इदराज के स्थान पर इंदराज पुनर्वास भूमि उदार संगठन के उन निम्न श्रेणी लिपिकों/उच्च श्रेणी लिपिकों मे से जो कि कालम 8 में निर्धारित योग्यताएं रखते हों आशुलिपि और टाइपराइटिंग की परीक्षा के माध्यम से नियुक्ति द्वारा, ऐसा न होने पर सीधी भर्ती द्वारा लिखा जाएगा ।

(4) कालम 12 मे वर्तमान इंदराज के स्थान पर इंदराज लागू नहीं होता लिखा जाएगा ।

[संख्या 6/90/70-पुन०-III]

एस० कासोपाडियन, अवर सचिव ।

---

**(Department of Labour and Employment)**
**(D. G. E. & T.)**

*New Delhi, the 16th February 1972*

**G.S.R. 357.**—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 27 of the Apprentices Act, 1961 (52 of 1961), the Central Government hereby appoints the Principal, Industrial Training Institute, Ambaguda, as Assistant Central Apprenticeship Adviser to assist the Central Apprenticeship Adviser in the performance of his functions.

[No. 50(2)/72-AP.]

G JAGANNATHAN, Dy. Secy.

**श्रम और रोजगार विभाग**

**(रो० प्र० महानिदेशालय)**

नई दिल्ली, 16 फरवरी, 1972

